प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 332 | रविवार 23 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## कांग्रेस नेताओं ने दुर्भावनापूर्ण कारणों से सरदार पटेल के योगदान की अनदेखी की: नड्डा

***नड्डा ने कहा, ''वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि दी। उनके नेतृत्व में केवडिया में सरदार पटेल की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा का निर्माण किया गया***



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को देश को एकजुट करने में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान की सराहना की और आरोप लगाया कि कांग्रेस की ''साजिश'' के कारण भारत के पहले उप–प्रधानमंत्री को आजादी के बाद चार दशकों तक इतिहास में वह सम्मान नहीं मिल सका जिसके वह ''सच्चे हकदार'' थे।नड्डा ने कहा कि अगर किसी ने सरदार पटेल को देश के इतिहास में ''सही और उचित स्थान'' दिया है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। भाजपा अध्यक्ष ने पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में ''ऐट 150 यूनिटी मार्च'' को हरी झंडी दिखाने के बाद एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं। पटेल भारत के पहले गृह मंत्री भी रहे।नड्डा ने कहा, ''अंग्रेज चाहते थे कि भारत कमजोर और विभाजित रहे। हमें उस मानसिकता से भी मुक्ति मिली। हमारा देश 562 रियासतों में बंटा हुआ था। हम विदेशी शासन के अधीन रहे क्योंकि हम विभाजित थे।''उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने दो साल के भीतर इन रियासतों को एकजुट कर एक राष्ट्र बनाया। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा, ''उन्होंने एक विभाजित भूमि को एक मजबूत और एकजुट भारत – 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' में बदल दिया। लेकिन दुर्भाग्य से इतिहास और देश में उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, उसकी कांग्रेस के शासनकाल में कांग्रेस नेताओं ने दुर्भावनापूर्ण और स्वार्थी कारणों से अनदेखी की।''भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद चार दशकों (1950 से 1991) तक कांग्रेस सत्ता में रही, फिर भी तब के किसी भी प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल को भारत रत्न नहीं दिया। नड्डा ने आरोप लगाया, ''यह सुनिश्चित करने के लिए षड्यंत्र रचे गए कि इतिहास में उन्हें वह सम्मान न मिले जिसके वह हकदार थे।''उन्होंने कहा कि अगर किसी ने यह सुनिश्चित किया है कि सरदार पटेल को इतिहास में उनका उचित स्थान मिले, तो वह प्रधानमंत्री मोदी हैं। नड्डा ने कहा, ''वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि दी। उनके नेतृत्व में केवडिया में सरदार पटेल की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा का निर्माण किया गया।

## थरूर के खिलाफ कांग्रेस फतवा जारी करेगी

### ट्रंप-ममदानी मुद्दे पर बीजेपी ने कसा तंज



नयी दिल्ली 22नवम्बर (एजेंसी)कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की न्यूयॉर्क के नए मेयर जोहरान ममदानी के साथ मुलाकात की तारीफ की है। उनका कहना है कि असल लोकतांत्रिक भावना यही है कि भले ही चुनावों के दौरान एक–दूसरे पर जोरदार हमले किए हों, लेकिन अब सामान्य हित के लिए काम कर रहे हैं। थरूर का कहना है कि चुनाव खत्म होने के बाद आपसी सहयोग से काम करना सीखना चाहिए। बीजेपी ने उनकी इसी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। दरअसल, थरूर ने अमेरिका में दो विरोधी विचारों के नेताओं की मुलाकात का एक्स पर वीडियो शेयर कर लिखा है कि वह भारत में भी इसी स्तर का सहयोग चाहते हैं। उन्होंने कहा, श्लोकतंत्र इसी तरह से काम करना चाहिए। चुनावों में अपने विचारों के लिए गर्मजोशी के साथ लड़ें जमकर बयानबाजी करें। लेकिन, जब एक बार यह खत्म हो जाता है, लोगों तक बात पहुंचा दी जाती है, आप दोनों जिस देश की सेवा करने के लिए संकल्पित हैंउसके साझा हितों के लिए एक–दूसरे के साथ सहयोग के साथ काम करना सीखें। भारत में मैं यह और ज्यादा देखना चाहूंगा और अपनी हिस्सेदारी की कोशिश कर रहा हूं। थरूर ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें एक रिपोर्टर ममदानी से पूछता हुआ सुना जा रहा है कि क्या वे अभी भी मानते हैं कि ट्रंप फासीवादी हैं? इसपर ममदानी कुछ बोलते उससे पहले ही ट्रंप ने कह दिया कि उन्हें फासीवादी कहलाने पर आपत्ति नहीं है। बीजेपी ने शशि थरूर की इस टिप्पणी की तारीफ करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दावा किया है कि तिरुवनंतपुरम के कांग्रेस सांसद दरअसल पार्टी नेताओं को इस बात के लिए आगाह करना चाह रहे हैं, क्योंकि वे देश से पहले गांधी परिवार को प्राथमिकता देते हैं।

## मुसलमान देशभक्त था, है और रहेगा! घुसपैठ का मुद्दा सिर्फ डर फैलाने का हथियार : सपा विधायक

संभल उत्तर प्रदेश में संभल से सपा विधायक इकबाल महमूद ने बांग्लादेशी घुसपैठ और नागरिकता से जुड़े मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की नीति को कठघरे में खड़ा करते हुए कड़ा विरोध जताया। अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि देश में रहने वाले सभी नागरिक यहीं रहेंगे, विदेशी बाहर भेजे जाएंगे, लेकिन इस मुद्दे को केवल मुसलमानों के खिलाफ इस्तेमाल करना राजनीति का दुर्भाग्यपूर्ण तरीका है। विधायक महमूद ने कहा कि बीजेपी बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाकर लोगों में डर पैदा कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि बांग्लादेश से लोगों के आने का कोई बड़ा कारण नहीं हैकृ न रिश्तेदारी, न रोजगार और न कोई सामाजिक संबंध। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा मुद्दा केवल मुसलमान समुदाय को टारगेट करने और ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए उछाला जाता है। दिल्ली ब्लास्ट में मुस्लिम डॉक्टरों के नाम सामने आने पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक ने कहा कि जो भी व्यक्ति देशविरोधी गतिविधियों मेंशामिल है, वह सच्चा मुसलमान हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की हरकतों से पूरा समुदाय बदनाम होता है, लेकिन भारत इतना कमजोर नहीं कि ऐसे तत्व उसे नुकसान पहुंचा सकें। विधायक महमूद ने कहा कि भारतीय मुसलमान हमेशा देशभक्त रहा है और रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नफरत की राजनीति अधिक दिनों तक नहीं टिकेगी और देश की जनता एक दिन सच को पहचानेगी।

## विमान में सवार होने के लिए ड्यूटी नहीं छोड़ सकता

### हालिया अतीत इसका सबूत है: धनखड़

**भाषण के दौरान एक व्यक्तियह याद दिलाने के लिए उनके पास आया कि उन्हें शाम 7रू30 बजे दिल्ली वापस जाने के लिए उड़ान में सवार होना है। पूर्व उपराष्ट्रपति ने इसके बाद उपस्थित लोगों को बताया कि उन्हें एक उड़ान में सवार होना है।**



नयी दिल्ली 22नवम्बर (एजेंसी) पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वह ड्यूटी को दूसरी चीजों से ऊपर रखते हैं और उनका हाल का अतीत इसका सबूत है। चार महीने पहले स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा देने वाले धनखड़ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ पदाधिकारी मनमोहन वैद्य की पुस्तक का विमोचन के मौके पर पहली बार सार्वजनिक संबोधन दिया।भाषण के दौरान एक व्यक्ति यह याद दिलाने के लिए उनके पास आया कि उन्हें शाम 7रू30 बजे दिल्ली वापस जाने के लिए उड़ान में सवार होना है। पूर्व उपराष्ट्रपति ने इसके बाद उपस्थित लोगों को बताया कि उन्हें एक उड़ान में सवार होना है।उन्होंने कहा, मैंविमान मेंसवार होने के लिए अपनी ड्यूटी नहीं छोड़ सकता, और दोस्तों मेरा हाल का अतीत इसका सबूत है। इस बात पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों की हंसी छूट गई। कार्यक्रम में धनखड़ ने आरएसएस की सोच और दृष्टिकोण की तारीफ की।धनखड़ ने कहा कि यह किताब उस प्रचार को गलत साबित करती है जिसमेंसंघ को एक अति दक्षिणपंथी संगठनके तौर पर दिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां तक घ्कि इसे महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ने की कोशिश की जाती है हालांकि यह एक बेबुनियाद आरोप है।

## मुंबई में हार्बर लाइन की रेल पटरी के पास झुग्गियों में भीषण आग, बांद्रा-माहिम सेवा स्थगित

***रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आग रेलवे पटरियों के बहुत करीब होने के कारण हार्बर लाइन पर बांद्रा और माहिम के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई हैं।***



मम्बई 22नवम्बर (एजेंसी)मुंबई के धारावी इलाके में हार्बर लाइन लोकल ट्रेन की पटरियों के पास स्थित झुग्गियों में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई जिसके कारण प्रभावित हिस्से पर ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गईं।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग 60 फुट चौड़े मार्ग पर स्थित नवरंग परिसर के अंदर स्थित झुग्गियों में दोपहर 12.30 बजे लगी।नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि कम से कम चार दमकल गाड़ियां और अन्य अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाने का अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा, ''किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।''रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आग रेलवे पटरियों के बहुत करीब होने के कारण हार्बर लाइन पर बांद्रा और माहिम के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण और इससे हुए नुकसान का अभी पता नहीं चल पाया है।पश्चिम रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, ''माहिम और बांद्रा के बीच पूर्वी दिशा में अप हार्बर लाइन से सटी झुग्गियों में दोपहर करीब 12रू15 बजे आग लगने की घटना के कारण सुरक्षा उपाय के तौर पर ओवरहेड उपकरणों के लिए बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है।''स्थिति नियंत्रण में आने तक हार्बर लाइन पर ट्रेन सेवाओं को व्यवस्थित किया गया है। प्रवक्ता ने कहा, ''किसी भी यात्री या ट्रेन को कोई खतरा नहीं है क्योंकि उन्हें व्यवस्थित कर दिया गया है ।

## भाजपा, निर्वाचन आयोग सपा के जीते हर विधानसभा क्षेत्र में वोट काटने की कर रहे साजिश : अखिलेश यादव



लखनऊ 22नवम्बर (एजेंसी)समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और निर्वाचन आयोग मिलकर साजिश के तहत उन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के बहाने 50 हजार से अधिक वोट काटने की तैयारी कर रहे हैं जहां 2024 में लोकसभा चुनाव में सपा और 'इंडिया गठबंधन जीते थे। सपा मुख्यालय में अपने पिता एवं पार्टी संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने दावा किया कि यह जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भाजपा ने निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर बड़ी ''तैयारी की है। उन्होंने आयोग से मांग की कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के लिए समय और बढ़ाया जाए। आंकड़ों के अनुसार, 2022 के विधानसभा चुनाव में 255 सीटें जीतने वाली भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ 162 विधानसभा सीटों पर ही बढ़त मिली जबकि विधानसभा चुनावों में 111 सीट जीतने वाली सपा ने लोकसभा चुनाव में 183 विधानसभा सीटों पर सर्वाधिक मत पाने का रिकॉर्ड बनाया। तब 2022 में सिर्फ दो सीट जीतने वाली कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनावों में 40 विधानसभा सीटों पर बढ़त बनायी। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग जब मुद्दों पर और जनता के बीच हारने लगे, तो साजिशन एसआईआर ले आये। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''निर्वाचन आयोग से हम अपेक्षा करते हैं कि वह निष्पक्ष रहेगा और यह संस्था हमारी हर शिकायत का निराकरण करेगी, लेकिन यह सुनने में आ रहा है कि भाजपा और आयोग 2024 की हार के बाद सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल और उप्र पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया, ''भाजपा सरकार, निर्वाचन आयोग मिलकर यह तैयारी कर रहे हैं कि 2024 के जिन विधानसभा क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी जीती है, 'इंडिया गठबंधन जीता है, उन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के बहाने 50 हजार से ज्यादा वोट काट दिया जाए। सपा प्रमुख ने कहा, ''यही उप्र में चल रहा है और यही पश्चिम बंगाल में चल रहा है, इसलिए हम लोग सावधान हैं। हम राजनीतिक स्तर पर, अपनी पार्टी के स्तर पर और अपने सभी कार्यकर्ताओं के स्तर पर अपील करते हैं कि ये पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी वोटर लिस्ट ठीक करें। जो वोट है और जो वोट बनना चाहिए वह बनवाएं, बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) से मिलकर बात करें और जहां कहीं शिकायत मिले, वह पार्टी मुख्यालय को जरूर भेजें। अपने पिता को याद करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, ''पिछली बार (22 नवंबर को) जब मैं सैफई में था और उस दिन हम लोगों ने तय किया था कि 22 नवंबर 2026 को नेताजी के स्मारक का उद्घाटन करेंगे और आज फिर उनके जन्मदिन पर जब हम सब समाजवादी लोग उन्हें याद कर रहे हैं ।

## वैश्विक विकास की प्राथमिकताएं फिर से तय करने की जरूरत, पीएम मोदी ने जी-20 समिट पेश किए तीन प्रस्ताव



नयी दिल्ली 22नवम्बर (एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जोहान्सबर्ग में जी–20 समिट को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहान्सबर्ग में जी–20 समिट के शुरुआती सेशन में ग्लोबल डेवलपमेंट की प्राथमिकताओं को फिर से तय करने की बड़ी अपील की। उन्होंने सदस्य देशों से ऐसे मॉडल अपनाने की अपील की जो सबको साथ लेकर चलने वाले, टिकाऊ और सभ्यता की समझ पर आधारित हों। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने बड़े पैमाने पर विकास को आगे बढ़ाने के लिए कई उपायों का सुझाव दिया है। पीएम मोदी ने इनक्लूसिव और सस्टेनेबल इकोनॉमिक ग्रोथ की वकालत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का इंटीग्रल ह्यूमनिज्म का सिद्धांत अधिक बैलेंस्ड ग्रोथ के लिए एक टेम्पलेट देता है। उन्होंने पूरे कॉन्टिनेंट में नॉलेज, स्किल्स और सिक्योरिटी पर कोऑपरेशन को नया आकार देने के मकसद से तीन बड़े प्रपोजल भी पेश किए।उन्होंने कहा कि एक मुख्य विचार भारत की समृद्ध विरासत का इस्तेमाल करते हुए एक जी–20 ग्लोबल ट्रेडिशनल नॉलेज रिपॉजिटरी बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी रिपॉजिटरी बेहतर स्वास्थ्य और सेहत को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक ज्ञान को बनाए रखने और शेयर करने में मदद करेगी। अफ्रीका में पहली बार समिट होस्ट करने के साथ, पीएम मोदी ने कहा कि इस समय दुनिया को इस बात पर फिर से सोचने की जरूरत है कि तरक्की को कैसे मापा जाए, खासकर उन इलाकों के लिए जो लंबे समय से रिसोर्स की कमी और इकोलॉजिकल इम्बैलेंस का सामना कर रहे हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि अफ्रीका का आगे बढ़ना ग्लोबल तरक्की के लिए जरूरी है, पीएम मोदी ने एक बड़े स्किल्स प्रोग्राम की घोषणा की। इसका सीधा मकसद महाद्वीप के युवाओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखना है। उन्होंने जी–20 अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर इनिशिएटिव का प्रस्ताव रखा, जो ट्रेन–द–ट्रेनर मॉडल पर बना है। इसे सभी जी–20 पार्टनर मिलकर सपोर्ट करेंगे। टारगेट अगले दस साल में अफ्रीका में दस लाख सर्टिफाइड ट्रेनर। भारत ने जी–20 ग्लोबल हेल्थकेयर रिस्पॉन्स टीम बनाने का प्रस्ताव रखा है। हेल्थ इमरजेंसी और प्राकृतिक आपदाओं के समय जब हम मिलकर काम करते हैं तो हम और मजबूत होते हैं। हमारी कोशिश साथी जी–20 देशों से ट्रेंड मेडिकल एक्सपर्ट्स की टीम बनाने की होनी चाहिए जो किसी भी इमरजेंसी में तुरंत तैनात होने के लिए तैयार रहें। फेंटानिल जैसे बहुत असरदार सिंथेटिक ड्रग्स के दुनिया भर में फैलने पर चिंता जताते हुए, प्रधानमंत्री ने दुनिया भर में पब्लिक हेल्थ, सोशल स्टेबिलिटी और सिक्योरिटी सिस्टम पर इसके नतीजों के बारे में चेतावनी दी। उन्होंने ड्रग–टेरर नेक्सस का मुकाबला करने के लिए एक खास जी–20 पहल की मांग की, जिसे फाइनेंशियल, गवर्नेंस और सिक्योरिटी फ्रेमवर्क को एक साथ लाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पहल का फोकस ड्रग–ट्रैफिकिंग नेटवर्क को खत्म करना, गैर–कानूनी पैसे के फ्लो को रोकना और टेरर ग्रुप्स के लिए फंडिंग के एक मुख्य सोर्स को कमजोर करना होगा। उन्होंने कहा कि इस चुनौती के लिए एकजुट ग्लोबल एक्शन की जरूरत है। समिट में इनक्लूसिव और सस्टेनेबल ग्रोथ पर फोकस करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि जी–20 स्टेज पर अफ्रीका के आने से दुनिया को कोर्स करेक्शन का मौका मिला है। उनके प्रपोजल, जिनमें नॉलेज–शेयरिंग से लेकर कॉन्टिनेंटल स्किलिंग और ट्रांसनेशनल सिक्योरिटी के खतरे शामिल हैं बड़ी बातचीत का हिस्सा बनने की उम्मीद है, क्योंकि लीडर्स ग्लोबल कोऑपरेशन के अगले दशक को आकार देने पर विचार–विमर्श करेंगे।

## गोरखपुर के रूंगटा इंडस्ट्रीज में लगी आग, 100 दमकलकर्मियों ने 25 घंटे की कड़ी मेहनत, बुझाई आग

गोरखपुर 22नवम्बर (एजेंसी)गोरखपुर जिले के गीडा सेक्टर–15 स्थित 'रूंगटा इंडस्ट्रीज' में लगी भीषण आग पर 25 घंटे के गहन अभियान के बाद शनिवार को पूरी तरह काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि करीब 100 दमकलकर्मियों ने पूरी रात अथक प्रयास किया, जिसके बाद आग पूरी तरह काबू पा लिया गया है। स्थिति सामान्य होने पर देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर, सिद्धार्थनगर और गोंडा से आई दमकल गाड़ियों को वापस भेज दिया गया है। एहतियातन गोरखपुर की दमकल गाड़ियों को अभी भी आरक्षित रखा गया है। शुक्रवार तड़के लगी इस आग ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र में दहशत फैला दी थी।मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) संतोष कुमार राय ने बताया कि शनिवार सुबह आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से सतर्कता बरती जा रही है। गोरखपुर के जिलाधिकारी (डीएम) दीपक मीणा ने बताया कि आज सुबह स्थिति सामान्य है और पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, ''अभी वहां केवल एक–दो दमकल गाड़ियां तैनात हैं। शाम तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। दिल्ली से आई तकनीकी टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया है।'' मीणा ने बताया, ''घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई हैय वह अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।''

## उत्तर प्रदेश सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें निरुद्ध केंद्र में रखेगी

***योगी आदित्यनाथ ने तीन नवंबर को बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि यदि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में लौटता है, तो घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकाला जाएगा और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाएगी***



लखनऊ22नवम्बर (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को घुसपैठियों की पहचान कर उन पर त्वरित और सख्त कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश शनिवार को जारी किए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कानून–व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बयान में कहा गया, ''मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में मौजूद घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करें और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करें।'' इसमें कहा गया, ''मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिलों में अवैध घुसपैठियों के लिए अस्थायी निरुद्ध केंद्र बनाने के निर्देश भी दिए हैं।''बयान में कहा गया कि इन केंद्रों में विदेशी नागरिकता वाले अवैध प्रवासियों को रखा जाएगा और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक वहीं आवास सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''डिटेंशन सेंटर'' में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के तहत उनके मूल देश वापस भेजा जाएगा।उत्तर प्रदेश, नेपाल से खुली सीमा साझा करता है जहां दोनों देशों के नागरिक बिना रोक–टोक आ–जा सकते हैं लेकिन अन्य देशों के लोगोंपर जांच लागू होती है। योगी आदित्यनाथ ने तीन नवंबर को बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि यदि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता मेंलौटता है तो घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकाला जाएगा और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाएगी

# सम्पादकीय

## चिराग ने भी रखा जातीय समीकरणों का ध्यान

जिस ऐतिहासिक गांधी मैदान में नीतीश ने दशवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, कभी उसी गांधी मैदान में अपने मित्र लालू यादव को 31 साल पहले चुनौती दी थी। इसी गांधी मैदान ने नीतीश कुमार के राजनैतिक जीवन को बदल कर रख दिया था।



नफीस जाफरी

मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि नीतीश और लालू जनता दल परिवार के अहम सदस्य हुआ करते थे। एक तरह से बिहार में जनता दल के दो प्रमुख ओबीसी फेस थे। यह बात भी सही है कि लालू यादव को मुख्यमंत्री बनवाने में उनके मित्र नीतीश कुमार का अहम रोल था। इन दोनों की जोड़ी ने एक तरह से राज्य में कांग्रेस को जमीन पर ला दिया था। पर सत्ता में रहने के कुछ वक्त बाद ही दोनों के बीच मतांतर बढ़ना शुरू हैं। बहरहाल, अब बात नीतीश की नव गठित कैबिनेट में लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास पासवान) की तो विदित हो कि बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में नीतीश कुमार की नई कैबिनेट ने शपथ ग्रहण की। इसमें लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (लोजपाआर) के दो विधायकों को शपथ दिलाई गई है। इस बार के चुनाव में लोजपाआर ने 19 सीटें जीती है। वह एनडीए की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। नीतीश कुमार की कैबिनेट के लिए जो फार्मूला तय किया गया था, उसके मुताबिक हर छह विधायक पर एक मंत्री पद मिलना है। इस तरह से लोजपाआर के एक और विधायक को मंत्री पद मिल सकता है। लोजपाआर के टिकट पर वैशाली जिले की महुआ सीट से जीते संजय कुमार सिंह और बेगूसराय जिले की बखरी (सुरक्षित) सीट से जीत संजय पासवान को नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। यहां खास बात यह है कि दोनों ही नेता पहली बार विधायक बने हैं। महुआ सीट से जीते संजय कुमार सिंह ने राजद के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को हराया था। नीतीश कुमार की कैबिनेट में जगह दिलाने में पार्टी प्रमुख चिराग पासवान ने जातिगत समीकरणों का ख्याल रखा है। पासवान को बिहार की दूसरी सबसी बड़ी जाति दुसाधों का नेता माना जाता है। इसे देखते हुए उन्होंने अपनी जाति के एक विधायक को मंत्रिमंडल में जगह दिलवाई है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। वहीं संजय कुमार सिंह को तेज प्रताप जैसे नेता को हराने का इनाम मिला है। इसके साथ ही चिराग पासवान ने राजपूत जाति में अपनी पैठ बढ़ाने का भी ध्यान रखा है। इस बार के विधानसभा चुनाव में लोजपाआर की टिकट पर पांच राजपूत विधायक बने हैं। पासवान ने इनमें से एक को मंत्री बनवा दिया है। इस बार के विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान की लोजपाआर ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से 19 सीटों पर पार्टी ने जीत दर्ज की है। चुनाव आयोग के मुताबिक लोजपाआर ने कुल 4.97 फीसदी वोट अपने नाम किया है।

## साफ हवा की मांग करते लोग सड़कों पर उतरे


दिल्ली की हवा में दम घुट रहा है। यह बात सिर्फ वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के आंकड़ों से नहीं समझी जा सकती है। जो लोग इस हवा में सांस ले रहे हैं उनको महसूस हो रहा है कि वे अपने फेफड़े में जहर भर रहे हैं। फिर भी अगर आंकड़ों के लिहाज से ही देखें तो पिछले करीब एक महीने से दिल्ली में एक्यूआई का आंकड़ा बढ़ा हुआ है। दिवाली से कई दिन पहले ही इस साल हवा प्रदूषित हो गई। ऊपर से दिल्ली सरकार की कृपा से इस बार दिवाली में श्ग्रीन पटाखेश्य भी फूटे। सरकार ने तरह तरह के उपाय करके आंकड़े छिपाने या दबावे के प्रयास किए फिर भी एक्यूआई तीन सौ से ऊपर रहा। यानी दिल्ली की हवा श्बेहद खराबश्य से लेकर श्गंभीरश्य श्रेणी में रही। इस पूरी अवधि में सरकार का सारा जोर हवा की गुणवत्ता ठीक करने के उपायों की बजाय यह बताने पर रहा कि इस साल पहले से कम प्रदूषण है और हालात धीरे धीरे सुधर रहे हैं। हालांकि यह सुधार सिर्फ कागजों पर था।

असल में दिल्ली की सरकार हो या पड़ोसी राज्यों की सरकारें या केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट सब इसे बुनियादी रूप से पर्यावरण की समस्या मान कर इसको सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। पर्यावरण की समस्या होने के साथ साथ यह लोक स्वास्थ्य से जुड़ी एक बड़ी समस्या है। यह भी कह सकते हैं कि यह हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात हैं, जिससे निपटने के लिए तत्काल कुछ क्रांतिकारी उपायों की जरुरत है। सरकारों और अदालतों को समझना चाहिए कि यह अनायास नहीं है कि लोग साफ हवा की मांग करते हुए सड़कों पर उतरे हैं। यह किसी सरकार का विरोध नहीं है। यह कोई राजनीतिक प्रतिरोध भी नहीं है। यह जीवन के बुनियादी अधिकार को हासिल करने का आंदोलन है। लोग अपने बच्चों के लिए और अपने घरों के बुजुर्गों की सांस सुरक्षित करने के लिए आंदोलन करने पर मजबूर हुए हैं। इस बात ने उनको नाराज किया है कि वायु प्रदूषण के कारण उनकी आंखों में जलन हो रही है, गले में स्थायी खराश है और सीने में जकड़न बढ़ रही है और दूसरी ओर सरकार कह रही है कि हालात पहले से ठीक हैं और धीरे धीरे सुधार हो रहा है।

पहले से ठीक होने और धीरे धीरे सुधार के दावे को लेकर पहला और बड़ा सवाल तो यह है कि दिल्ली में इतना प्रदूषण कैसे हुआ? यह सवाल इसलिए है कि हर बार पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के किसानों पर दिल्ली के प्रदूषण का दोष डाल दिया जाता है। हर बार कहा जाता है कि किसान पराली जला रहे हैं इसलिए दिल्ली की हवा दूषित हो रही है। लेकिन इस बार तो पंजाब और हरियाणा में किसानों के पास पराली बची ही नहीं थी जलाने के लिए! पंजाब में तो ऐसी बाढ़ आई कि राज्य के सभी 23 जिले उसमें डूबे। किसानों की लगभग सारी फसल बरबाद हो गई। ऊपर से सरकार की ओर से पराली को लेकर इतनी सख्ती की जा रही है, जिसकी मिसाल नहीं है। किसानों की एमएसपी बंद करने और भारी जुर्माना लगाने के नियम बने हैं, जिससे डर कर किसान पराली नहीं जला रहे हैं या चोरी छिपे कहीं थोड़ी बहुत पराली जलाई गई। इसके बावजूद दिल्ली की हवा पहले की ही तरह प्रदूषित रही।

जाहिर है दिल्ली में हवा के प्रदूषित होने के दूसरे भी कारण हैं और वो कारण ज्यादा प्रभावी हैं। ध्यान रहे किसानों को दोष देना सबसे आसान काम है, जो अब तक किया जा रहा है। परंतु बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों को या कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को या दूसरे बड़ी फैक्टरियों को दोष देने से सब बचते रहे हैं। एक दूसरी समस्या यह है कि सरकारें इसे मौसमी समस्या मान कर इससे निपटने के उपाय करती हैं। माना जाता है कि प्रदूषण की समस्या नवंबर से जनवरी तक यानी तीन महीने रहेगी और इन तीन महीनों में कुछ न कुछ उपाय करते हुए दिखना है और फिर सर्दियां खत्म होते ही प्रदूषण कम हो जाएगा तो इसे भूल जाएंगे। यह भी माना जाता है कि कभी भी तेज हवा चलने लगेगी या बारिश हो जाएगी तो हवा में मौजूद हानिकारक पार्टिकुलेट मैटर कम हो जाएंगे और हवा साफ हो जाएगी। इसी सोच में कृत्रिम बारिश के तमाशे का भी स्वांग कई दिनों तक चलता रहा था। कई दिनों क्या इस तमाशे की चर्चा कई महीने तक चली। अंत में हुआ कुछ नहीं। जाहिर है बुनियादी समस्या एटीट्यूड और एप्रोच की है। वायु प्रदूषण को पर्यावरण की तात्कालिक समस्या मानने के एटीट्यूड और इससे निपटने के तात्कालिक उपायों की एप्रोच के कारण कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।दुनिया के दूसरे देशों ने ऐसी समस्या का समाधान निकाला है। बीजिंग तो एक दशक पहले इससे गंभीर वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा था। ००

# प्रशांत किशोर की हार की कसक सार्वजनिक हुई



गुलफिशा खान

2025 का बिहार विधानसभा चुनाव प्रशांत किशोर और उनकी जनसुराज पार्टी के लिए पहली बड़ी चुनावी परीक्षा थी। चुनाव से पहले उन्होंने मीडिया के एक कार्यक्रम के दौरान खुद यह कहा था कि उनकी पार्टी या तो अर्श पर होगी या फिर फर्श पर। जब 14 नवंबर को नतीजा आया तो उनकी जनसुराज पार्टी को एक भी जीत हासिल नहीं हुई। चुनाव के बाद प्रशांत किशोर ने दावा किया कि अगर उन्हें हर सीट के लिए 100 करोड़ रुपये दिए गए तो वो चुनाव जीत कर दिखा देंगे। प्रशांत किशोर बोले, आप मुझे हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 100 करोड़ रुपये दीजिए और सारी सहानुभूति और रणनीति आपकी धरी रह जाएगी मैं जीतकर दिखाऊंगा। चुनाव के नतीजों के बाद जनसुराज पार्टी प्रमुख प्रशांत किशोर ने मीडिया से खास बातचीत की है। प्रशांत किशोर ने कहा, हम परिवर्तन का सपना लेकर आए थे। हम सत्ता परिवर्तन भी नहीं कर पाए। प्रशांत किशोर ने कहा कि लोगों ने लालू यादव के डर से भाजपा और नीतीश को वोट दिया है। इसके अलावा मुसलमानों को भाजपा से डर है, इसलिए वो लालू यादव को वोट देते हैं। बातचीत में प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में हम चुनाव भले ही न जीते हों, लेकिन हमने राजनीतिक विमर्श में बदलाव जरूर किया है। प्रशांत किशोर ने कहा, जब नतीजे आ रहे थे। भाजपा –जेडीयू 200 पार जा रहे थे तो ये मेरे लिए बड़ा झटका था। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब से रिजल्ट आया है मैं सो नहीं पाया हूं।



जिस चीज के लिए ईमानदारी से कोशिश करते हैं और रिजल्ट आशा के अनुरूप नहीं आता है तो आपको निराशा होती है। असर पड़ा है, लेकिन निराशा से थक कर हारकर बैठने वाले लोग नहीं है।

अपने पुराने वादे को दोहराते हुए प्रशांत किशोर ने कहा– जेडीयू 25 से ज्यादा सीटें लाने की हालत में नहीं थी। प्रशांत किशोर ने कहा, चुनाव को ध्यान से देखेंगे तो समझ आएगा कि पहली बार बिहार में हर विधानसभा में करीब 100–125 करोड़ रुपये सीधा पब्लिक को दिया है और उसमें 60–65 हजार लोगों को सीधा 10 हजार रुपये दिया है। सरकार ने वोट खरीदा है, लोग कह रहे हैं ये तो पहले से ही तय था। इसीलिए मैंने कहा कि अगर नीतीश कुमार ने हर विधानसभा सीट में 60–62 हजार महिलाओं को चुनाव के दौरान पैसा दिया है। बिहार में जो हुआ है वो अप्रत्याशित है, सरकार ने चुनाव के दिन तक पैसे दिए हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता भी लगाई गईं। उन्हें पैसे दिए गए। प्रवासी मजदूरों को 5 हजार रुपए कपड़े के नाम पर दिया गया। सरकार से कहना चाहता हूं कि डेढ़ करोड़ महिलाओं को 10 हजार दिया गया है, उन्हें 6 महीने के अंदर 2 लाख रुपए दिए जाएं। तभी यह साफ होगा कि यह किसी योजना के तहत दिए थे या वोट खरीदने के लिए दिए थे।

प्रशांत किशोर से जब ये पूछा गया कि आपकी तो एक भी सीट नहीं आई तो उन्होंने कहा, 2014 में नीतीश कुमार को लोकसभा में केवल दो सीटें आई थीं, तब नीतीश कुमार मेरे पास आए थे, मुझसे मदद लेने के लिए मेरे पास आए थे। पर अब जो जीता वही सिकंदर है, नीतीश कुमार जीते हैं। पर ऐसा नहीं है कि इन्हीं को समझ है। एक बार फिर नीतीश कुमार के स्वस्थ नहीं होने की बात कही। उन्होंने कहा, मैं अभी भी नीतीश कुमार मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ नहीं हैं। ऐसा कहने में मुझे कोई गुरेज नहीं है। आप सीएम हैं, मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ नहीं दिख रहे हैं। इसिलिए तो मैंने बोला है। प्रशांत किशोर ने कहा कि उन्हें अगर पता होता कि वो हार रहे हैं तो अपने जीवन का सबकुछ, अपना धन, अपना समय, अपनी बुद्धि और अपनी ताकत दांव पर क्यों लगाते। वे बोले, एक विधायक बनना होता तो मैं एक एमएलएल या एमपी बन जाता। मुझे अहसास होता तो मैं इतना बड़ा रिस्क क्यों लेता? इस पूरे प्रयास के दौरान कभी खुद सर्वे नहीं कराया। मैं इसको ब्लाइंड ही रखा। लेकिन मेरी अपनी उम्मीद थी कि 12–15 फीसद वोट आ जाएंगे, लेकिन केवल 3 प्रतिशत ही वोट आया। हम इसको ठीक करेंगे। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी को एक भी सीट हासिल नहीं हुई। 243 में से 238 सीटों पर चुनाव लड़कर, उनकी पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई।

# नीतीश कैबिनेट भी परिवारवाद से अछूती नहीं



फरीद वारसी

नीतीश कुमार एक बार फिर से बिहार के मुख्यमंत्री बन गए हैं। विगत 20 नवंबर को उन्होंने 10वीं बार सीएम पद की शपथ ली। प्रचंड बहुमत के बाद किसी भी दल के मुखिया पर किसी भी तरह का दबाव नहीं होता है कि वह किसे मंत्री बनाए और किसे नहीं बनाए। लेकिन बिहार में कई क्षेत्र भाषा और सभ्यता के आधार पर बंटे हुए हैं। इस हालात में किसी भी गठबंधन के लिए मुश्किल हो जाती है कि वह क्षेत्रीय संतुलन के साथ–साथ जातीय तौर पर संवेदनशील बिहार में एक रूप दे। जैसा कि उल्लेखनीय है कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो चुका है। उनके साथ 26 लोगों ने मंत्री पद की शपथ ली। नीतीश कैबिनेट में ज्यादातर पुराने चेहरों को रिपीट किया गया है। लेकिन कुछ नए चेहरे भी हैं। नीतीश यूं तो खुद राजनीति में परिवारवाद की भरसक आलोचना करते हैं, लेकिन उनकी कैबिनेट परिवारवाद से दूर रहकर नहीं बन सकी। नीतीश कैबिनेट में 7 ऐसे नेता मंत्री बने हैं जिनके परिवार का बड़ा सियासी रसूख रहा है। डालते हे एक नजर नीतीश कैबिनेट में परिवारवाद को बढ़ाने वाले कौन हैं वे सात नेता कौन हैं–

सम्राट चौधरी– पिता शकुनी चौधरी की विरासत को बढ़ा रहे

बिहार की राजनीति में सम्राट चौधरी का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं। वह उन नेताओं में गिने जाते हैं जिन्होंने अपने परिवार की विरासत को न सिर्फ आगे बढ़ाया, बल्कि राजनीति के हर मोड़ पर उसे एक नई दिशा भी दी। सम्राट चौधरी की कहानी किसी साधारण उम्मीदवार की कहानी नहीं है। यह एक ऐसे परिवार की कहानी है, जिसने तीन दशकों से भी अधिक समय तक बिहार की राजनीति में अपनी छाप छोड़ी। उनके पिता शकुनी चौधरी सात बार विधायक और सांसद रहे। उनकी माँ पार्वती देवी भी तारापुर से विधायक रहीं। ऐसे माहौल में पला–बढ़ा बेटा भला राजनीति से कितना दूर रह सकता था? सम्राट का राजनीतिक सफर 1999 से शुरू हुआ और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। राजद से लेकर जनता दल यू और फिर भाजपा तक, उनके सफर में दल बदल भी हुआ और संघर्ष भी, लेकिन एक बात समान रही,परिवार की पुरानी राजनीतिक मिट्टी, जिसने उनकी राह हमेशा थोड़ी आसान बनाई। आज बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका कद उस राजनीतिक विरासत का सबसे बड़ा प्रमाण है।

नितिन नवीन– पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा थे भाजपा के कद्दावर नेता

पटना का नाम लेते ही उस शहर की राजनीतिक हलचल याद आती है, जहाँ हर गली में लोग चुनावी चर्चा करते मिल जाते हैं। इसी शहर की एक सीट पटना पश्चिम ने एक युवा नेता को जन्म दिया, जो आगे चलकर बिहार के सबसे लोकप्रिय चेहरों में शामिल हो गया। नितिन नवीन की कहानी बहुत मानवीय है। पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा के मजबूत नेता थे। उनके निधन के बाद जब उपचुनाव हुआ, तब जनता ने उसी परिवार के बेटे पर भरोसा जताया। यही वह क्षण था जहाँ नितिन नवीन की राजनीतिक यात्रा शुरू हुई। उसके बाद जो हुआ, वह बिहार की राजनीति का एक चमकता हुआ अध्याय बन गया। बांकीपुर सीट से वह लगातार चार बार जीतते रहे। सड़क निर्माण मंत्री



के रूप में उनकी पहचान एक युवा, ऊर्जावान और काम करने वाले नेता की बनी। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि राजनीति के इस लंबे सफर में उनका पहला कदम विरासत की ताकत से उठाया गया था, जहाँ पिता की पहचान ने बेटे को राजनीति की भीड़ में अलग खड़ा कर दिया।

श्रेयसी सिंह– राज परिवार से ताल्लुक, पिता दिग्विजिय की विरासत बढ़ाएंगी शूटर बेटी

श्रेयसी सिंह की कहानी बिहार के किसी भी युवा के लिए प्रेरणा की कहानी हो सकती है। एक ऐसी लड़की, जिसने अपनी उपलब्धियों से देश के लिए स्वर्ण पदक जीता और फिर राजनीति में कदम रखकर नई पहचान बनाई। लेकिन श्रेयसी की राजनीतिक कहानी सिर्फ उनकी मेहनत की नहीं है, यह उस परिवार की भी कहानी है, जिसकी जड़ें वर्षों तक बिहार की सत्ता में स्थापित रहीं। श्रेयसी सिंह गिद्धौर राजपरिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता दिग्विजय सिंह अपने समय से बड़े केंद्रीय नेता थे। दिग्विजय सिंह केंद्रीय मंत्री भी रहे, सांसद भी रहे। दिग्विजय सिंह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेहद करीबी थे। दिग्विजय के निधन के बाद उनकी राजनीतिक विरासत को कुछ दिनों तक उनकी पत्नी पुतुल कुमारी ने आगे बढ़ाया। पुतुल कुमारी भी सांसद रहीं। अब दिग्विजय सिंह की सियासी विरासत को उनकी शूटर बेटी श्रेयसी सिंह आगे बढ़ा रही है। यह पृष्ठभूमि श्रेयसी को राजनीति में आने के पहले ही दिन एक स्थापित पहचान दे चुकी थी। जमुई जैसी मुश्किल सीट पर भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया और जनता ने उन्हें स्वीकार किया। यह स्वीकार्यता सिर्फ श्रेयसी की चमक की वजह से नहीं थी, बल्कि उनके परिवार की वर्षों पुरानी जड़ों की वजह से भी थी।

अशोक चौधरी– पिता महावीर चौधरी कांग्रेस में थे कद्दावर नेता

अशोक चौधरी की कहानी बिहार की राजनीति के उन पन्नों में दर्ज है, जहाँ परिवारवाद साफ नजर आता है लेकिन उसी के साथ व्यक्तिगत संघर्ष भी उतना ही दिखाई देता है। बीसवीं सदी की शुरुआत में बरबीघा सीट से उनके पिता महावीर चौधरी विधायक रहे। राजनीति का यह माहौल अशोक चौधरी के बचपन से ही एक परिचित दुनिया बना रहा। साल 2000 में जब उन्होंने इसी सीट से चुनाव लड़कर विजय प्राप्त की, तो लोग यह कहे बिना नहीं रह सके कि पिता की पहचान ने बेटे को पहली राह दिखा दी। लेकिन इसके बाद उनकी यात्रा बिल्कुल अलग मोड़ लेती है, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बने, फिर पार्टी छोड़ी, फिर जनता दल यू में आए और आज बिहार के मंत्री हैं। यह कहानी यह भी बताती है कि परिवारवाद किसी को शुरुआत तो दे सकता है, लेकिन राजनीति में टिकना अपने दम पर ही होता है। फिर भी यह सवाल कायम रहता है कि क्या उनकी पहली जीत इतनी आसान होती, अगर उनका परिवार राजनीति की जमीन पर पहले से खड़ा न होता?



रमा निषाद– कैप्टन जयनारायण निषाद की सियासी विरासत

रमा निषाद की यात्रा उस बिहार की कहानी है, जहाँ समुदाय की पहचान राजनीति में बहुत बड़ा आधार बन जाती है निषाद/मल्लाह समुदाय बिहार की राजनीति में एक प्रभावी वोट बैंक माना जाता है। रमा निषाद ने औराई सीट से चुनाव जीता, लेकिन इस जीत के पीछे सिर्फ उनका नाम नहीं था। उनके पति अजय निषाद पहले से ही एक स्थापित सांसद थे, जो मुजफरपुर क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं। रमा निषाद के ससुर कैप्टन जयनारायण निषाद मुजफपुर से लोकसभा सांसद हुआ करते थे। जब कैप्टन जयनारायण निषाद राजनीति से दूर हुए तो उनकी जगह उनके बेटे अजय निषाद ने ली। अब उनकी पत्नी औराई से विधायक बनने के बाद मंत्री बन चुकी है। जब रमा ने राजनीति में कदम रखा, तो जनता के लिए यह परिवार कोई नया नहीं था। यह भरोसा पहले से बना हुआ था. इसलिए जब वह बतौर उम्मीदवार लोगों के सामने आई तो लोगों ने उन्हें उस परिवार की प्रतिनिधि के रूप में स्वीकार किया जिसे वे वर्षों से जानते आ रहे थे। उनकी यात्रा यह दिखाती है कि कैसे परिवार और समुदाय का मेल राजनीति में एक मजबूत आधार बनाकर देता है।

संतोष कुमार सुमन– पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की राजनीतिक विरासत

अगर बिहार में परिवारवाद का सबसे साफ उदाहरण ढूँढना हो, तो वह संतोष कुमार सुमन की कहानी हो सकती है। वह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पुत्र हैं। जीतन राम मांझी अभी केंद्रीय मंत्री हैं। राजनीति में उनकी पहली एंट्री भी परिवार की विरासत के सहारे हुई, विधान परिषद भेजे गए, फिर मंत्री बनाए गए, और धीरे–धीरे उन्हें पार्टी की पूरी कमान सौंप दी गई। यह कहानी उस सच्चाई को दर्शाती है, जिसमें राजनीतिक पार्टियां परिवार के भीतर ही नेतृत्व को आगे बढ़ाती हैं। संतोष सुमन शिक्षित हैं विनम्र हैं और काम भी कर रहे हैं लेकिन यह उतना ही सच है कि अगर वह किसी सामान्य परिवार से आते, तो राजनीति में इतनी तेजी से इतनी ऊँची जगह शायद न मिल पाती।

दीपक प्रकाश– सबसे चौंकाने वाला नाम,

पिता उपेंद्र कुशवाहा की सियासी विरासत की नई पीढ़ी

नीतीश कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ लेने वालों में दीपक प्रकाश का नाम सबसे चौंकाने वाला है। दीपक प्रकाश मंत्री बनेंगे इसकी बहुत कम चर्चा थी। चर्चा उनकी मां स्नेहलता कुशवाहा के मंत्री बनने की थी। लेकिन बिना चुनाव लड़े दीपक प्रकाश बिहार में मुख्यमंत्री बने। बिहार की नई राजनीति में जब अचानक दीपक प्रकाश का नाम बड़े पदों पर सामने आया। कई लोगों ने सवाल उठाया कि यह तेजी से उभार कैसे मिला? इसका जवाब उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि में छिपा है। दीपक प्रकाश, उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र हैं जो वर्षों से बिहार की राजनीति का बड़ा चेहरा रहे हैं। उनकी मां भी विधायक रहीं। जब परिवार में दोनों ही माता–पिता राजनीति में हों, तो बच्चे के लिए राजनीति कोई नई दुनिया नहीं रह जाती। इसलिए जब उन्हें बिना चुनाव लड़े मंत्री बना दिया गया, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक था कि यह पद उनकी क्षमता की वजह से अधिक मिला या उनकी विरासत की वजह से। बिहार की राजनीति में यह उदाहरण बार–बार देखने को मिलता है कि जब परिवार पहले से सत्ता में हो, तो अगली पीढ़ी को आगे आने के अवसर अधिक सहजता से मिलते हैं।

# बिहार की सियासत में नीतीश कुमार ने खींच दी एक बड़ी लाइन, जिसे छोटा करना आसान नहीं!

कमलेश पांडे

विधानसभा चुनाव 2025 में उनकी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की, जदयू की सीटें लगभग दोगुनी बढ़ीं और एनडीए को 202 सीटों का बहुमत मिला। इसके बाद उन्होंने मंत्रिमंडल में गठबंधन सहयोगियों को संतुलित स्थान देने का निर्णय लिया। उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए कई बार सरकार भंग की और गठबंधन बदला, जिससे उनकी सियासी मजबूती बनी रही।

कभी सुप्रसिद्ध समाजवादी विचारक किशन पटनायक ने कहा था कि विकल्पहीन नहीं है दुनिया, लेकिन बिहार की सियासत में नीतीश कुमार ने साबित कर दिया है कि कोई लाख चिल्ल–पों मचा ले, परंतु बिहार में मुख्यमंत्री बनने के लिए उनका कोई विकल्प नहीं है। ऐसा इसलिए कि बिहार के जागरूक मतदाताओं को भ्रष्टाचार के आरोपों से बेदाग, सुशासन पसंद और राजनीतिक परिवारवाद के धुर विरोधी नीतीश कुमार का नेतृत्व ही पसंद है। नीतीश कुमार एक बार बिहार के मुख्यमंत्री बने और 20 नवंबर 2025 को उन्होंने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जो एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। इस बार उन्हें अभूतपूर्व जनादेश मिला है, जिससे तमाम कयासों को धत्ता बताकर वे पुनः मुख्यमंत्री बने हैं। इस प्रकार बिहार की सियासत में नीतीश कुमार ने एक वैसी बड़ी लाइन खींच दी है, जिसे छोटा करना उनके सियासी विरोधियों के लिए कतई आसान नहीं है।हालांकि, अपने इस रिकॉर्ड को कायम करने के लिए उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कई बार गठबंधन बदले हैं जिसमें बीजेपी और महागठबंधन दोनों के साथ शामिल हुए हैं। वाकई नीतीश कुमार की राजनीति का मूल मंत्र व्यावहारिकता, लचीला गठबंधन और प्रशासनिक सुधार है, जिसके चलते वे बिहार की राजनीति के केन्द्रीय पात्र बने हुए हैं।

नीतीश कुमार के राजनीतिक बदलाव मुख्य रूप से सत्ता की भूख, सामाजिक परिवर्तन की इच्छा, गठबंधन रणनीति, और बिहार की जटिल राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हुए हैं, जिन्होंने उन्हें बिहार की प्रमुख राजनीतिक शख्सियत बनाया है। नीतीश कुमार की राजनीति व्यावहारिकता, गठबंधन–केन्द्रित रणनीति और सुशासन के एजेंडे पर आधारित रही है, जहाँ वे विभिन्न दलों के साथ बार–बार गठबंधन बदलते हुए भी कई बार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं।यही वजह है कि नीतीश कुमार को बिहार में श्इच्छा शासनश का स्तंभ माना जाता है, और उन्होंने बिहार में सत्ता के महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर नियंत्रण बनाए रखा है। यह सभी तथ्य नीतीश कुमार के राजनीतिक गाम्भीर्य और प्रशासनिक कौशल को दर्शाते हैं विशेष रूप से बिहार की राजनीति में उनकी भूमिका को दिखाते हैं। इनके प्रमुख फैसले लगातार गठबंधन राजनिति में संतुलन बनाना और विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना रहे हैं।बहरहाल, 2024 में वह बीजेपी के साथ फिर से गठबंधन कर एनडीए के तहत मुख्यमंत्री पद पर बने रहे। उनके राजनीतिक फैसलों में बीजेपी के साथ गठबंधन तोड़ कर महागठबंधन में शामिल होना, फिर से बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाना प्रमुख रहे। उन्होंने अपने प्रशासनिक फैसलों में सत्ता नियंत्रण बनाए रखने के लिए कई बार रणनीति बदली, जैसे गृह मंत्रालय अपने पास रखने का अभियान। विधानसभा चुनाव 2025 में उनकी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की, जदयू की सीटें लगभग दोगुनी बढ़ीं और एनडीए को 202 सीटों का बहुमत मिला। इसके बाद उन्होंने मंत्रिमंडल में गठबंधन सहयोगियों को संतुलित स्थान देने का निर्णय लिया। उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए कई बार सरकार भंग की और गठबंधन बदला, जिससे उनकी सियासी मजबूती बनी रही।

देखा जाए तो नीतीश कुमार के प्रमुख राजनीतिक बदलाव उनके राजनीतिक कैरियर में उनके रणनीतिक फैसलों, गठबंधन परिवर्तन, और समाजिक–राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप उनके दृष्टिकोण में बदलावों का परिणाम रहे हैं।इसलिए मुख्य राजनीतिक बदलाव और कारण को हम यहां पर गिना रहे हैंरू– पहला, शुरुआती राजनीति और जेपी आंदोलन से उदयनीतीश कुमार का राजनीतिक सफर जनता दल (यूनाइटेड) के सदस्य से शुरू हुआ, और उन्होंने अपने शुरुआती करियर में समाजवादी विचारधारा को अपनाया। 1990 के दशक में उन्होंने जनता पार्टी ध्जनता दल के साथ मिलकर लोकशिक्षा व सामाजिक बदलाव पर फोकस किया।दूसरा, पहली बार मुख्यमंत्री बनना (2000)रू तत्कालीन और भौतिक राजनीतिक माहौल में बिहार में शांति व विकास के रास्ते पर लाने के लिए उन्होंने बिहार में पहली बार मुख्यमंत्री पद संभाला, लेकिन मात्र 7 दिनों के लिए सीएम बने थे।

तीसरा, महागठबंधन बनाम भाजपा समर्थक नीतिरू 2005 में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के साथ गठबंधन किया, लेकिन 2013 में बीजेपी से नाता तोड़ सरकार से अलग हो गए, क्योंकि उन्हें लगा कि उनके सामाजिक–आर्थिक एजेंडे पर भाजपा की नीतियों में बाधाएँ आ रहीं हैं। इसके बाद, उन्होंने जदयू को महागठबंधन, विशेष रूप से राजद (लालू प्रसाद यादव) के साथ शामिल किया, जो उनकी राजनीतिक रणनीति में बड़ा बदलाव था।चतुर्थ, भाजपा के साथ फिर से संधि और वापस सरकार में आनारू 2017 में, नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई, जिसका मुख्य कारण सत्ता का स्थायित्व और बिहार में राजनीतिक स्थिरता था। इस निर्णय का कारण उनके दिल्ली और बिहार में होने वाले राजनीतिक दबाव, गठबंधन की राजनीतिक स्थिति, और बिहार में विकास की जरूरतें मानी जाती हैं।पंचम, समाजिक सुधार और प्रशासनिक बदलावरू व्यक्तिगत व्यवहार में सुधार, सामाजिक बदलाव, और प्रशासनिक पारदर्शिता को बढ़ावा देना उनके बदलाव का एक अहम पहलू रहा है, जिससे वे समाज में अपनी छवि को मजबूत करते गए हैं। कारणरू राजनीतिक मजबूरियां, सत्ता बनाए रखना, सामाजिक आधार का विस्तार, और बिहार की जटिल राजनीतिक परिस्थितियों ने उनके इन बदलावों को प्रेरित किया। भीड़–भाड़ वाले पहले गठबंधन से संवाद और वफादारी की कमी, और सियासी विकल्पों का ढलान, उन्हें नए राजनीतिक समीकरण बनाने पर मजबूर किया। नीतीश कुमार के प्रमुख राजनीतिक और प्रशासनिक फैसले एवं उनकी नीतियां निम्नलिखित हैं नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की विकास नीतियों का प्रभाव समग्र रूप से सकारात्मक और व्यापक रहा है। उन्होंने श्न्याय के साथ विकासश के सिद्धांत पर काम करते हुए राज्य के विकास के पहिये को तेजी से घुमाया है, खासकर समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाने और महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया है। इससे बिहार राज्य में आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।उनकी पॉलिसियों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, जैसे गांवों को जोड़ना, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, और योजना लाभों का व्यापक वितरण हुआ है। प्रशासनिक स्तर पर जन–केंद्रित नीतियों और पारदर्शिता के उपायों से भ्रष्टाचार कम करने और सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर बनाने में मदद मिली है।आर्थिक दृष्टिकोण से, बिहार ने खेती पर आधारित अर्थव्यवस्था के अलावा उद्योग और सेवा क्षेत्रों में भी विकास का रास्ता अपनाया है, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक स्थिरता बढ़ी है। जीएसटी जैसे सुधारों का समर्थन कर राज्य ने वित्तीय अनुशासन बनाया और बहुआयामी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ा है। हालांकि बिहार लंबे समय तक राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार और संसाधनों की कमी की चुनौतियों से जूझता रहा, नीतीश कुमार की सरकारों ने इसे दूर करने के लिए कई सुधार लागू किए जिनका असर अब दिखने लगा है।आज बिहार में सड़क निर्माण, सिंचाई योजनाओं और सामाजिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार की गति तेज हुई है।इस प्रकार कहा जा सकता है कि नीतीश कुमार की नीतियों ने बिहार के सामाजिक–आर्थिक विकास में एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की है, ।

# विश्व मात्स्यिकी दिवस पर मछुआ पालकों को दी योजनाओं की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर ग्राम फत्तेहपुर तालनरजा वि०ख० कोपागंज में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लोगो को विश्व मात्स्यिकी दिवस के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में बताया गया। मत्स्य पालकों व मछुआ समुदाय के लोगों को विभागीय योजनाओं के बारें में जानकारी दी गयी। योजनाओं में मुख्य रूप से मुख्य मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, किसान केडिट कार्ड एवं मछुआ दुर्घटना बीमा आदि के बारे में बताया गया। गोष्ठी में सहायक निदेशक मत्स्य डा० विनोद कुमार वर्मा, मत्स्य निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, मत्स्य विकास अधिकारी विनय कुमार, मत्स्य जीवी सहकारी समिति फतेहपुर ताल नरजा के अध्यक्ष त्रिभुवन निषाद, सचिव कल्पनाथ चौधरी सहित अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

# डीएम ने तहसील मधुबन-घोसी में तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में तेजी लाने के .ष्टिगत आज तहसील मधुबन एवं घोसी में तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में बूथवार फार्म वितरण, कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने ऐसे समस्त बूथों पर जहां पर डिजिटाइजेशन की प्रगति अभी धीमी है वहां पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अतिरिक्त मैनपॉवर बढ़ाते हुए बूथ लेवल अधिकारियों का सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को उनके पर्यवेक्षण के अधीन आने वाले सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों के कार्यों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आवश्यक होने पर उन्हें पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए, जिससे कार्यक्रम में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा 4 दिसंबर के पूर्व ही विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण सकुशल संपन्न हो सके। उन्होंने समस्त ईआरओ एवं एईआरओ जिनमें उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सीडीपीओ आदि सम्मिलित हैं। उन्हें निर्देशित किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा आवश्यक होने पर नियमित क्षेत्र भ्रमण करते हुए बूथ लेवल अधिकारियों का सहयोग कर डिजिटाइजेशन कार्य में प्रगति लाएं। उन्होंने समस्त अधिकारियों को माननीय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के भी निर्देश दिए। बैठकों के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी दिनेश मिश्रा, संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सीडीपीओ आदि उपस्थित रहे।

# सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर पद्म विभूषण से सम्मानित, पूर्व रक्षा मंत्री, तथा पूर्व मुख्यमंत्री, स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान घोसी सांसद राजीव राय ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। घोसी सांसद राजीव राय जी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम भाग्यशाली हैं जो हमें ऐसे योद्धा के संरक्षण में रह के सीखने और काम करने का अवसर मिला, जिसने समाजवादी पार्टी की नींव रखी, उसे सींचा और अपने नेतृत्व क्षमता से समाजवादी पार्टी को प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की सबसे जमीनी और सशक्त पार्टी के रूप में स्थापित किया। स्वर्गीय नेताजी ने एक ग्रामीण परिवेश से उठकर न सिर्फ केंद्रीय राजनीति में अपनी पकड़ बनाई, बल्कि रक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, जैसे बड़े संवैधानिक पदों को भी सुशोभित किया। राष्ट्र हित में उनके अतुलनीय कार्यों को देखते हुए उनको पद्म विभूषण के सम्मान से भी नवाजा गया। आज हमें उनके द्वारा सिखाए गए सबक को आत्मसात करते हुए उनके सपनों को पूरा करने के लक्ष्य की तरफ अग्रसर होना चाहिए। घोसी सांसद राजीव राय ने घोसी विधानसभा से विधायक रहे तथा वरिष्ठ समाजवादी नेता सुधाकर सिंह के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा उनके निधन पर सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु कामना की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव, मोहम्मदाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र कुमार, पूर्व एमएलसी राम रतन राजभर, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्म प्रकाश यादव, शिव प्रताप यादव मुन्ना, कुद्दूस अंसारी, आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक संपन्न

### - अभियान चलाकर अंत्योदय कार्ड धारक एवं 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की जनपद स्तरीय पल्स पोलियो टास्क फोर्स चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की संयुक्त समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संजय गुप्ता ने बताया कि जनपद हेतु आरबीएसके के अंतर्गत डीईआईसी (डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर) स्थापित किए जाने हेतु भूमि की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 19 वर्ष तक के बच्चों का 4डी (डिफेक्ट एट बर्थ, डिजीज, डिफिशिएंसी, डेवलपमेंट डिले इंक्लूडिंग डिसेएबिलिटी) का उपचार डीईआईसी सेंटर जनपद में स्थापित होने पर उपचार जनपद में ही उपलब्ध हो



सकेगा जिससे जनपद की प्रगति की स्थिति बेहतर हो पाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि डीईआईसी सेंटर की स्थापना हेतु स्थान की उपलब्धता के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसवों की समीक्षा में दोहरीघाट और फतेहपुर मंडाव के एमओवाईसी को प्रसवों की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत ब्लॉक वार आशा भुगतान की प्रगति की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं के भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। इसके साथ ही सभी एमओवाईसी को निर्देशित किया गया कि आशाओं के कई विभिन्न कार्यों से उन्हें उनके मानदेय में वृद्धि हो सकती है इस बात की जानकारी आशाओं को देने की आवश्यकता है। ई कवच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं की फीडिंग के संबंध में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बीके यादव ने बताया कि समस्त गर्भवती महिलाओं की फीडिंग ई कवच पोर्टल पर अनिवार्य रूप से एएनएम द्वारा किया जाना है यदि पोर्टल पर फिटिंग नहीं करेंगे तो जनपद की रैंकिंग पीछे हो जाएगी। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर अंत्योदय कार्ड धारक एवं 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर जारी करें। टीकाकरण के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण से कोई बच्चा छुटने ना पाए आवश्यकता अनुसार जरूरतमंदों का टीकाकरण अवश्य करें, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के बारे में लोगों को जागरूक करने की जरूरत ळें कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की समीक्षा की गई और इसकी सफलता के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान ओपीडी, आईपीडी, एफआरयू, आरबीएसके, .ष्टिहीनता निवारण, एम्बुलेंस सेवाएं, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, ई–कवच, आभा आईडी प्रगति, जननी सुरक्षा योजना (श्रैल) भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड, जन्म–मृत्यु पंजीयन आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सा अधीक्षकों को हेल्थ वेलनेस सेंटरों की क्रियाशीलता का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, जिला होम्योपैथिक अधिकारी, जिला कुष्ठ अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, डीएमसी यूनिसेफ, समस्त अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समस्त चिकित्सा अधिकारी नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऊसराहार क्षेत्र में महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना ऊसराहार की मिशन शक्ति टीम द्वारा ऊसराहार क्षेत्र जनपद इटावा में जाकर बालिकाओं एवं ग्रामीण नागरिकों के मध्य साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीम द्वारा उपस्थित लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया स्कैम, डीपफेक वीडियो, क्यूआर कोड ठगी आदि से बचाव के उपाय बताए गए तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल रिपोर्ट करने की अपील की गई।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान मंडल, महिला सम्मेलन का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। ब्लाक बलहा सभागार में मंडल महिला सम्मेलन आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर रही। इस कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के उपाय बताए गए महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के प्रति सजग किया गया वैसे भी सरकार द्वारा महिला संबंधी शिकायतों हेतु 1090, 1098, 1076 112, 181,108 नंबरों पर मिलने वाली सुविधाओं हेतु यह नंबर प्रत्येक महिला को अपने संज्ञान में रखना चाहिए।

# 25 नवंबर को सजेगा खुशियों का महाकुंभ, 451 जोड़ों के संगम की तैयारी शुरु

### - सीडीओ अभिषेक कुमार ने तैयारियों को दिया अंतिम स्वरूप, परखी हर व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। डीएस कॉलेज मैदान इन दिनों मानो एक महाविवाह उत्सव की देहरी पर खड़ा है। अभी सिर्फ जर्मन हैंगर टेंट की स्टील.फ्रेमिंग उठी है, पर माहौल में त्योहार जैसा कम्पन पहले ही घुल चुका है। इतनी हलचल कि लगता है जैसे हवा भी तैयारियों का हिस्सा बन गई हो। शनिवार सुबह सीडीओ अभिषेक कुमार जब स्थल पहुँचे, तो टेंट कर्मियों की हथौड़ों की टिक–टिक और रस्सियों की फट–फट से मैदान गूंज रहा था। कहीं कपड़े चढ़ रहे थे, कहीं स्टेज का एंगल नापा जा रहा था। पूरा परिसर एक बड़े सपने की शुरुआती नींव जैसा .श्य पेश कर रहा था। सीडीओ ने मौके पर पहुंचकर 451 नवयुगलों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को बारीकी से परखा। उनके साथ डीएसडब्लूओ वंदना सिंह, तेजस्वी मिश्रा, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीसी–एनआरएलएम जितेंद्र कुमार मिश्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने वेदिकाओं के प्रस्तावित स्थान, बैठने की संभावित व्यवस्था, साफ–सफाई की रूपरेखा, रजिस्ट्रेशन काउंटर की प्लानिंग, ग्रीन रूम की लोकेशन, सामग्री वितरण प्वॉइंट, खानपान की लाइनिंग और सुरक्षा व्यवस्था हर बिंदु का मौके पर जाकर अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को



निर्देश दिया कि व्यवस्था में सौहार्द, गरिमा और सुगमता स्पष्ट झलके। यह आयोजन हर जोड़े के जीवन में अविस्मरणीय स्मृति बने। जिला प्रशासन इस बार समारोह को केवल सुव्यवस्थित ही नहीं, बल्कि भावनात्मक अनुभव से भरपूर बनाना चाहता है। इसी दिशा में स्थल पर आकर्षक सेल्फी पॉइंट, बड़ी एलईडी स्क्रीन और वधुओं की तैयारी के लिए विशेष मेकओवर कॉर्नर की जगह पहले ही चिन्हित कर दी गई है। परंपरागत माहौल को जीवंत करने के लिए शहनाई और मंगल ध्वनियों की निरंतर व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह सिर्फ सरकारी आयोजन नहीं, 451 परिवारों के भविष्य को रोशन करने वाला सामाजिक पर्व है। हर व्यवस्था को हम व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर कर रहे हैं ताकि कोई भी कमी न रह जाए। 25 नवंबर को डीएस कॉलेज परिसर में खुशियों, सद्भाव और नवजीवन के मिलन का अनूठा .श्य देखने को मिलेगा, जब 451 जोड़े एक साथ नए सफर की ओर कदम बढ़ाएँगे।

# तीन माह बाद कब्र से निकाला गया रंजीत का शव

### - संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए डीएम के आदेश पर दोबारा पोस्टमार्टम

न्यूज वाणी ब्यूरो

सदरपुर, सीतापुर। तीन माह पुराने एक संदिग्ध मौत के मामले ने सदरपुर थाना क्षेत्र में फिर से तूल पकड़ लिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार दोपहर, खम्हरिया नानकारी गांव में दफनाए गए। मृतक रंजीत का शव कब्र से बाहर निकाला गया और उसे दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

इस दौरान महमूदाबाद तहसील प्रशासन और सदरपुर पुलिस की संयुक्त टीम गांव में मौजूद रही, जिसने शांति व्यवस्था बनाए रखी। क्या है पूरा मामला? यह घटना करीब तीन माह पहले 26 अगस्त को चर्चा में आई थी। जब 28 वर्षीय रंजीत पुत्र सुरेश का शव दिबियापुर तालाब के पास एक पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था। लखनऊ में मजदूरी करने



वाले रंजीत की इस आकस्मिक मौत से पूरे गांव में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप 27 अगस्त को जब रंजीत का शव पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद गांव पहुंचा, तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। उनका ठोस आरोप था कि रंजीत ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। मृतक के पिता सुरेश ने गांव के तीन युवकों प्रदीप, दिलीप और बबलू पर पुराने विवाद के चलते हत्या का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि मरने से ठीक पहले रंजीत ने एक ऑडियो संदेश भेजा था, जिसमें इन्हीं युवकों द्वारा धमकी दिए जाने की बात कही गई थी। इन आरोपों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। डीएम ने दिया दोबारा पोस्टमार्टम का आदेश घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया था, जिसके बाद अधिकारियों के समझाने पर ही अंतिम संस्कार हो सका था। हालांकि, मृतक के पिता सुरेश ने पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर संदेह जताते हुए आरोप लगाया कि डॉक्टर ने पैसे लेकर तथ्यों को छिपाया है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए, जिलाधिकारी ने मामले की सत्यता जानने के लिए शव का पुनः पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया। अब शनिवार को रंजीत का शव कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उम्मीद है कि दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी और इस तीन माह पुरानी गुत्थी से पर्दा उठ पाएगा।

# लुटेरों ने ट्रक चालक-खलासी से की 35000 की लूट



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। नेशनल हाईवे पर एक बार फिर बेखौफ बदमाशों ने कानून–व्यवस्था को चुनौती दी है। जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार की तड़के सुबह करीब 5 बजे, सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के चालक और खलासी से हथियारबंद बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। मऊ जिले के निवासी ट्रक चालक श्याम सुंदर गुप्ता से बदमाशों ने 35,000 रुपये की नगदी सहित अन्य सामान लूट लिया और मौके से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, ट्रक कश्मीर से सेब लादकर मऊ जा रहा था। गुरुवार की देर रात ट्रक का टायर पंचर हो जाने के कारण चालक श्याम सुंदर गुप्ता ने अटरिया थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे ट्रक खड़ा कर दिया और खलासी के साथ सो गए। शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे, बाइक सवार दो बदमाश आए और उन्हें निशाना बनाया। आरोप है कि बदमाशों ने चालक और खलासी को धमकाकर उनसे नकदी और कीमती सामान लूट लिया। 24 घंटे बाद भी सुराग से हाथ खाली वारदात के बाद पीड़ित चालक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अटरिया पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। लूट की घटना के 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। पुलिस टीम ने मामले को सुलझाने के लिए नेशनल हाईवे पर स्थित इटौंजा टोल प्लाजा से लेकर घटनास्थल तक के 20 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले हैं लेकिन फुटेज में भी अभी तक कोई स्पष्ट लीड नहीं मिल पाई है। जल्द होगा खुलासा इस गंभीर मामले पर सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गहन छानबीन कर रही है। उन्होंने कहा कि हाईवे पर लगे सभी संभावित सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। पुलिस लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बाइक सवार बदमाशों की तलाश में जुटी है। सीओ सिधौली ने कहा कि हाईवे पर लगे सभी संभावित सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# डीएम का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां पर सख्त एक्शन

### - व्यवस्थाओं में लापरवाही पर कड़ा रुख, स्टाफ को फटकार और नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। शासन की मंशा के अनुरूप जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दिखाते हुए, जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिसावां का औचक और गहन निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं में भारी लापरवाही पाए जाने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाया और कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। साथ ही लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई भी की। गहन निरीक्षण और आवश्यक सुधार के निर्देश डीएम राजागणपति आर. ने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, औषधि कक्ष, केएमसी, टीबी यूनिट और ड्यूटी कक्ष समेत सभी प्रमुख स्थानों का बारीकी से जायजा लिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और अवस्थापना सुविधाओं में त्वरित सुधार सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, तथा भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन व नाश्ता उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए। आरसीएच पोर्टल व ई–कवच पोर्टल पर नियमित डाटा फीडिंग सुनिश्चित करने और शत–प्रतिशत प्रसव कराने पर जोर दिया। लापरवाह कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था पाए जाने पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाया चीफ फार्मासिस्ट दयाशंकर से स्पष्टीकरण तलब किया गया। लापरवाही के लिए स्टाफ नर्स रेनू





देवी को कड़ी फटकार लगाई गई। फैमिली काउंसलर रामखुशी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बीपीएम/बीसीपीएम उन्हें तत्काल व्यवस्थाएं सुधारने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। मरीजों की सुविधा पर विशेष जोर डीएम ने मरीजों से सीधे बातचीत कर सेवाओं की गुणवत्ता का फीडबैक लिया। उन्होंने जन्म पंजीकरण प्रमाणपत्र डिस्चार्ज के समय ही परिवार को उपलब्ध कराने को अनिवार्य बताया, साथ ही डिलीवरी रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज करने का आदेश दिया। सभी वार्डों में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों का विवरण प्रदर्शित करने, कर्मचारियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में रहने, नियमित रूप से बेडशीट बदलवाने और रिफर मरीजों का रजिस्टर अद्यतन रखने के आदेश दिए गए। फार्मेसी में दवाओं के उचित रखरखाव, रिकॉर्ड अद्यतन रखने और समय से मांग पत्र भेजने का निर्देश दिया ताकि दवाओं की कमी न हो। फैमिली प्लानिंग से संबंधित कार्यों में प्रभावी कार्रवाई करने और प्रसव के बाद आवश्यक काउंसलिंग करवाने पर भी जोर दिया गया। डीएम की इस कार्रवाई से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ में हड़कंप मच गया है और व्यवस्थाओं में त्वरित सुधार की उम्मीद जगी है।

# कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व–पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम–एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# नौवा महमूदपुर अन्त्येष्टि स्थल बदहाल, झाड़ियों ने समेट लिया पूरा परिसर

### - ग्राम प्रधान सचिव पर लापरवाही के आरोपय खानापूर्ति में 4-5 मजदूर लगाए

### - एक कोना साफ कर बाकी छोड़ दिया.सचिव ने फोन तक नहीं उठाया



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत नौवा महमूदपुर में स्थित अंत्येष्टि स्थल इस कदर बदहाल है कि बरसों से मानो किसी जिम्मेदार की नजर ही न पड़ी हो। पूरे प्रांगण में झाड़ियां इतनी घनी हो चुकी हैं कि ग्रामीणों ने विषैले जन्तुओं की मौजूदगी और किसी भी समय अप्रिय हादसे की आशंका जताई है। हालात यह हैं कि लोग अपने स्वजन की अंतिम यात्रा लेकर यहाँ पहुँचने से पहले ही भयभीत हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की लापरवाही के कारण यह अंत्येष्टि स्थल उपेक्षा का शिकार हो चुका है। बीते बृहस्पतिवार को गांव में सफाई का दिखावा करते हुए 4–5 मजदूर जरूर लगाए गए, लेकिन वह भी सिर्फ खानापूर्ति थी। मजदूरों से सिर्फ एक कोना साफ कराया गया और उसी को दिखाकर पूरा काम मान लिया गया, जबकि बाकी पूरा परिसर जस का तस झाड़ियों से ढका पड़ा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब अंत्येष्टि स्थल जैसे संवेदनशील स्थान की साफ–सफाई ही सही से नहीं कराई जा रही, तो ग्राम पंचायत में बाकी व्यवस्थाओं का अंदाजा खुद लगाया जा सकता है। इस संबंध में जब पंचायत सचिव राहुल कुमार थारू से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल लगातार बजता रहा, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। सचिव की इस चुप्पी ने ग्रामीणों के आरोपों को और मजबूत कर दिया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत नौवा महमूदपुर में अंत्येष्टि स्थल की बदहाली का संज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा तत्काल प्रभाव से संपूर्ण परिसर की सफाई कराई जाए ताकि अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस सम्बन्ध में जब खण्ड विकास अधिकारी रजनीश कुमार शुक्ला से सम्पर्क किया गया तो उनका भी फोन बजता रहा लेकिन फोन नही उठाया जा सका।

# आरएसएस का व्यापक गृह संपर्क अभियान शुरू

## -स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर भारत माता का चित्र और साहित्य वितरित किया

अयोध्या।(संवाददाता ) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले में व्यापक गृह संपर्क अभियान की शुरुआत की है। भगवान राम के दर्शन के पश्चात प्रारंभ हुए इस अभियान को संघ ने विश्व का सबसे बड़ा गृह संपर्क अभियान बताया है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक संघ का संदेश पहुँचाना और सामाजिक उत्थान के लिए जनभागीदारी को मजबूत बनाना है। जिला कार्यवाह वेद प्रकाश के अनुसार यह कार्यक्रम शताब्दी वर्ष के तृतीय चरण के तहत चलाया जा रहा है। अभियान में संघ के स्वयंसेवक टोलीवार जिला के विभिन्न मोहल्लों, गांवों और कस्बों में पहुंचकर लोगों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर रहे हैं। जिले में लाखों घरों से संपर्क करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए सभी खंडों में विशेष टीमें गठित की गई हैं। मिल्कीपुर में खंड कार्यवाह आकाश ने बताया कि यह अभियान केवल साहित्य वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के साथ आत्मीयता, विश्वास और संवाद के बंधन को और मजबूत बनाने की पहल है। स्वयंसेवक घर–घर जाकर भारत माता का चित्र, संघ की विचारधारा, इतिहास और सेवा कार्यों से जुड़े साहित्य का वितरण कर रहे हैं। अभियान के दौरान स्वयंसेवक नागरिकों की समस्याओं और जरूरतों को भी समझ रहे हैं, ताकि भविष्य में सेवा गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। संघ का कहना है कि इस पहल के जरिए समाज में सद्भाव, सुरक्षा भाव और संगठन की शक्ति को और प्रबल किया जाएगा। यह अभियान 21 दिसंबर तक जिलेभर में चलेगा। वितरित किए जा रहे साहित्य में संघ के 100 वर्षों की यात्रा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, नागरिक अनुशासन और सेवा कार्यों से जुड़े संदेश शामिल हैं। अभियान की शुरुआत के साथ ही जिले में स्वयंसेवकों की सक्रियता और जनसंपर्क गतिविधियाँ और तेज हो गई हैं, जिससे शताब्दी वर्ष के इस विशेष आयोजन में व्यापक जन सहभागिता की उम्मीद जताई जा रही है।

# जेसिंता केरकेट्टा, शिवमूर्ति व फरहान हनीफ को मिलेगा माटी रतन सम्मान



अयोध्या।(संवाददाता ) अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा दिए जाने वाले अवध के प्रतिष्ठित लोक सम्मान माटी रतन पाने वाले विशिष्ट लोगों की घोषणा कर दी गई है। वर्ष 2025 के लिए यह सम्मान झारखंड की प्रसिद्ध समाजसेवी जेसिंता केरकेट्टा, हिंदी के प्रख्यात कथाकार शिवमूर्ति तथा उर्दू के साहित्यकार व शायर बंबई के फरहान हनीफ को दिया जाएगा। इसकी घोषणा संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने होटल अवंतिका सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में किया। उन्होंने बताया कि सम्मान काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह एवं शहादत दिवस 19 दिसंबर को भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। सम्मान में सम्मान राशि सहित छह अन्य चीजें प्रदान की जाएगी जिसमें सम्मान पत्र उल्लेखनीय है। इसके साथ शहादत दिवस पर दिए जाने वाले शांति सिंह स्मृति छात्रवृत्ति हेतु चयनित छात्र है गुरुकुल से सिद्धार्थ पाण्डेय, यतीमखाना से मोहम्मद कैफ मूक–बधिर से अमन का नाम है। उन्हें भी उसी दिन प्रत्येक को पांच हजार सहायता राशि प्रदान की जाएगी। पत्रकार वार्ता में श्री पाण्डेय ने बताया कि आगामी 13 दिसंबर को प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया गया है। गीता देवी स्मृति निबंध प्रतियोगिता तथा डा शैलेश पाण्डेय स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक तथा 12 बजे से 1 बजे तक मनोहर लाल इंटर कालेज में होगी। परीक्षा प्रतियोगिता संयोजक वरिष्ठ अध्यापक दान बहादुर सिंह तथा केंद्र व्यवस्थापक विद्यालय के प्राचार्य होंगे। सभी प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को नकद 3000, 2000 तथा 1000 एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। श्री पाण्डेय ने बताया कि शहादत दिवस पर अयोध्या स्थित अंध विद्यालय के सभी उर्मिला शुक्ला स्मृति में उनी वस्त्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष जफर इकबाल, उपाध्यक्ष जसबीर सिंह सेठी, मंत्री विश्व प्रताप सिंह अंशू, कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान भोलू, लड्डू लाल यादव, विकास सोनकर, शिवम् विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# सपाईयों ने मनाई नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती

## -मरीजों को बाटे गए फल, जरूरतमंद लोगों को कराया गया भोजन

अयोध्या(संवाददाता )। समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव द्वारा विभिन्न कार्यक्रम जनपद अयोध्या में आयोजित किए गए। जिला अस्पताल फैजाबाद में फल वितरण कार्यक्रम के साथ शुरुआत हुई, जहां मरीजों को फल बांटे गए। इसके बाद अम्मा की रसोई में भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। चौक में मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में लोगों को मिठाइयां बांटी गईं। जिला कार्यालय गुलाब बाड़ी लोहिया भवन पर श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि नेताजी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर हम उनके आदर्शों और नीतियों को याद करते हैं। पारसनाथ यादव ने कहा कि नेताजी ने समाजवाद के लिए अपना जीवन समर्पित किया और समाज के वंचित वर्गों के लिए हमेशा लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि हम नेताजी के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और समाजवाद के मार्ग पर चलकर समाज के विकास के लिए काम करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पवन पांडे ने कहा की नेताजी ने जीवन भर गरीब,मजलूम,मजदूर, दलित, शोषित व पिछड़ों के हक के लिए संघर्ष किया। नेताजी ने पिछड़ों व दलितों को राजनीतिक भागीदारी भी सुनिश्चित कराई। हम सभी नेताजी के द्वारा बताए गए मार्गों पर चलकर 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। कार्यक्रम को अमृत राजपाल, शावेज जाफरी,अंसार अहमद बब्बन, जे पी यादव, आकिब खान, सीताराम यादव,सरोज यादव, विद्या भूषण पासी, कैलाश कोरी, राकेश चौरसिया,रामबरन यादव, शिवदयाल विपिन यादव,घनश्याम यादव,पवन यादव बिट्टू,अश्वनी यादव रामकरन यादव सहित दो दर्जन से अधिक नेताओं ने संबोधित किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंस्टीटयूट आफ फार्मेसी में विश्व सूक्ष्मजीव जागरुकता सप्ताह-2025 का शुभारंभ



अयोध्या(संवाददाता )। विश्व सूक्ष्मजीव जागरुकता सप्ताह 18–25 नवंबर 2025 के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए "एंटीबायोटिक उपयोग एवं एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस" विषय पर एक विशेष व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने छात्रों के साथ महत्वपूर्ण वैज्ञानिक जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने विशेष रूप से पेनिसिलिन की खोज, उसके ऐतिहासिक विकास तथा आधुनिक चिकित्सा में उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने शेड्यूल एच एवं शेड्यूल एक्स वर्ग की दवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को बताया कि इन नियंत्रित दवाओं का गलत उपयोग गंभीर सामाजिक एवं चिकित्सकीय समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है। अतः इनके सुरक्षित, जिम्मेदार एवं विधिसम्मत उपयोग के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। इस व्याख्यान श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में एंटीबायोटिक के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बढ़ती हुई एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस की गंभीर समस्या से अवगत कराना था। अन्य वक्ताओं ने एंटीबायोटिक की कार्यप्रणाली, उचित खुराक, अनियंत्रित प्रयोग के दुष्परिणाम तथा विश्व स्तर पर बढ़ रही प्रतिरोधक क्षमता के खतरों के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी प्रदान किया और यह बताया कि गलत तरीके से एंटीबायोटिक लेना, अधूरी दवा छोड़ देना तथा बिना चिकित्सकीय परामर्श उनका उपयोग करना बैक्टीरिया में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करता है, जिससे भविष्य में उपचार अत्यधिक कठिन हो जाता है। व्याख्यान श्रृंखला के दौरान छात्रों को विभिन्न केस–स्टडी, डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइनों तथा नवीनतम शोध निष्कर्षों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में रोगों की रोकथाम, स्वच्छता, एवं समुचित दवा–उपयोग के महत्व पर विशेष बल दिया गया। फार्मेसी विभाग के शिक्षकों ने छात्रों को भविष्य में जिम्मेदार स्वास्थ्य–सेवा पेशेवर के रूप में समाज में एंटीबायोटिक जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की रूपरेखा फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुर श्रीवास्तव द्वारा निर्धारित की गई। मंच का सफल संचालन विभाग की फैकल्टी ज्योति वैश्य द्वारा किया गया, जिसमें विभाग के समस्त अध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे तथा छात्रों ने उत्साहपूर्वक सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

# राम मंदिर में ध्वजारोहण से पूर्व वैदिक अनुष्ठानों की गूंज

## -रामायण कालीन परंपराओं का पुनर्जागरण, श्रीराम जन्मभूमि में दूसरे दिन भी सम्पन्न हुए पवित्र पूजन
## -एक हजार तुलसी पत्रों से हुआ भगवान राम का सहस्त्र नामार्चन, आचार्यों ने की वैदिक विधि से आराधना
## -रामभद्र मंडल सहित नवग्रह, योगिनी व क्षेत्रपाल पूजन ने बढ़ाई ध्वजारोहण समारोह की पवित्रता
## -यजमानों ने परिवार संग किया वैदिक पूजन, आचार्य मंडल की देखरेख में सम्पन्न हुए सभी अनुष्ठान



अयोध्या(संवाददाता )। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में 25 नवम्बर को होने वाले भव्य ध्वजारोहण समारोह से पहले अयोध्या पूरे वैदिक और रामायण कालीन वैभव में ढल चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर समारोह की हर विधि को परंपरागत मर्यादाओं के अनुरूप सम्पन्न कराया जा रहा है। शनिवार को दूसरे दिन भी अनुष्ठान उसी दिव्य रीति से संपन्न हुए, जैसे त्रेतायुग में श्रीराम राज्याभिषेक से पूर्व वैदिक ऋषियों द्वारा पुण्य कर्म किए जाते थे।दूसरे दिन के पूजन में एक हजार तुलसी पत्रों से भगवान श्रीराम का सहस्त्र नामार्चन किया गया, जो त्रेतायुग से चली आ रही वह परंपरा है जिसमें तुलसी पत्र को राम भक्ति का सर्वश्रेष्ठ अर्पण माना गया है। आचार्यों द्वारा गणपति पूजन, पंचांग पूजन, षोडष मातृका पूजन के उपरांत मंडप प्रवेश पूजन हुआ। इसके बाद क्रमशः योगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, वास्तु पूजन, नवग्रह पूजन, तथा प्रधान मंडल के रूप में रामभद्र मंडल सहित अन्य मंडलों का आवाहन किया गया। पूरी प्रक्रिया वैसी ही रही जैसी रामायण कालीन अनुष्ठानों में वर्णित है जहाँ प्रत्येक देवता, दिशा और ऊर्जा का आमंत्रण कर आयोजन को पवित्र, कल्याणकारी और लोकमंगलकारी बनाया जाता था।यजमान डॉ. अनिल मिश्र सहित अन्य यजमानों ने अपनी अर्द्धांगिनी के साथ वैदिक विधि से पूजन में सहभागिता की। अनुष्ठान का संचालन मुख्य आचार्य चंद्रभान शर्मा, उपाचार्य रविंद्र पैठणे,यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य पंकज शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। पूरी पूजन व्यवस्था आचार्य इंद्रदेव मिश्र व आचार्य पंकज कौशिक की देखरेख में सुसंपन्न हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इस ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य न सिर्फ अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पटल पर स्थापित करना है, बल्कि रामायण काल की आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक भारत में पुनः स्थापित करना भी है। सरकार और ट्रस्ट मिलकर सुनिश्चित कर रहे हैं कि 25 नवंबर का दिन राम राज्य की झलक प्रस्तुत करे जहाँ भक्ति, पवित्रता और मर्यादा की दीपमाला हर घर और मंदिर को आलोकित करेगी।

# हर घर में जलें घी के पांच दीप, घर-घर हो राम नाम संकीर्तन:वेद प्रकाश गुप्ता

## -नगर विधायक ने महानगर अध्यक्ष संग किया जनसम्पर्क



अयोध्या(संवाददाता )। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के पूर्ण होने पर ध्वजारोहण के ऐतिहासिक आयोजन को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। इसी क्रम में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने विभिन्न स्थानों में जनसम्पर्क के दौरान सनातन समाज से विशेष आह्वान किया है कि कार्यक्रम की संध्या पर प्रत्येक घर, मंदिर और देवस्थल पर घी के पांच दीपक अवश्य जलाएं तथा परिवार सहित "राम नाम संकीर्तन" करें। विधायक गुप्ता ने महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव संग विजय राम शक्ति स्मारक इंटर कॉलेज, कादीपुर, निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कॉलेज, कर्मा, ग्रामोदय महाविद्यालय रामपुर सर्धा सहित राम पथ पर पैदल भ्रमण कर व्यापारियों व आमजन से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या सूर्यवंश की राजधानी है और भगवान सूर्य को लाल रंग प्रिय है, इसलिए पुष्प सज्जा और लाइटिंग में लाल रंग का विशेष रूप से प्रयोग किया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री के ध्वजारोहण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण परिवार सहित अवश्य देखें। विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री के स्वागत मार्ग को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। नगर में जगह–जगह भगवा और तिरंगा ध्वज लगाए जा रहे हैं और वातावरण भक्ति, उत्साह तथा भव्यता से ओतप्रोत हो चुका है। इसी क्रम में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुरक्षा एवं व्यवस्थागत दृष्टि से स्वागत टोलियों को समय से पहले निर्धारित स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। टोलियों के प्रमुखों को कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर ही सभी प्रतिभागियों से संपर्क कर समय निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी का स्वागत गरिमा और मर्यादा के साथ किया जाएगा। आयोजन को भव्य, अनुशासित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी स्वागत टोलियों को स्पष्ट जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। जनसम्पर्क के दौरान अरविंद सिंह, कपिल वर्मा, दिनेश मिश्रा, संतोष सिंह, राम अनुज सिंह, संत राम यादव, देवता पटेल, राजेश पाठक, रमेश वर्मा, सुरेश उपाध्याय, प्रदीप सिंह, लक्ष्मी सिंह सिंह सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

# संतों और श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाओं के साथ सुरक्षा भी मिलेगी- योगी आदित्यनाथ

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में कहा कि माघ मेला में कल्पवासियों, संतों और श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही सुरक्षा के भी तगड़े प्रबंध होंगे। एआइ कैमरों से मेला क्षेत्र की निगरानी होगी। उच्च क्षमता के कैमरे भी लगाए जाएंगे। पहली बार माघ मेला टेंट सिटी बसाई जाएगी, जिसमें 200 कैंप होंगे। पहले सिर्फ कुंभ व महाकुंभ में ही टेंट सिटी बसाई जाती थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मेले का आयोजन एआई आधारित कैमरे की निगरानी में होगा इसके लिए नगर विकास विभाग की ओर से 400 कैमरे लगाए जाएंगे जो स्वच्छता और सुरक्षा की निगरानी में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि माघ मेला इस बार 800 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। मेला क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है जो अरेल से लेकर हटा पट्टी तक होगा। मेला क्षेत्र में 242 किलोमीटर पेयजल पाइपलाइन, 85 किलोमीटर सीवर लाइन 160 किलोमीटर मार्ग बिजली विभाग, 360 किलोमीटर की एलटी विद्युत लाइन लगाई जाएगी। इसके साथ ही साथ 20–20 बेड के दो अस्पताल बनाए जा रहे हैं। पुलिस लाइन का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। 42 पुलिस चौकी बनाई जा रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को माघ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद मां गंगा का विधि विधान से पूजन किया। साथ ही संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन पूजन किया। मंदिर में पूजन और गंगा पूजन के दौरान महंत बलवीर गिरि भी मौजूद रहे। मेले की तैयारियों की बैठक में मेला प्राधिकरण के मेलाधिकारी ऋषि राज व अन्य अधिकारियों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उन्हें अब तक हुई तैयारियों की जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि पिछले माघ मेले की अपेक्षा इस बार 20 आगे काम चल रहा है। सभी पांटून पुल लगभग तैयार हैं। पिछले माघ मेले में अब तक पांटून बनाने का कार्य भी नहीं शुरु हूआ था।

इसी तरह भूमि के समतलीकरण, घाटों की तैयारी भी काफी तेज है। मेले मे प्रकाश व्यवथा के लिए कार्य जोरों पर चल रहा है। घाटों पर लाइटिंग भी कर दी गई है। सीएम योगी के साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, दीपक पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, सांसद प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, सिद्धार्थनाथ सिंह समेत तमाम नेतागण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री हुए श्री हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पूजन में शामिल

प्रयागराज। विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के रामबाण आवास पर आयोजित श्री हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पूजन समारोह में सूबे के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए और मंदिर के शिलापट्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने हनुमान जी महाराज का पूजन आरती किया और सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन शुभारंभ किया गया। इस दौरान अयोध्या हनुमानगढ़ी मंदिर के महाराज धर्मदास जी ने विधि विधान विधान के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा पूजन कराया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री का अपने पर विधायक हर्ष वर्धन वाजपेई ने पुष्प गुच्छ भेंट कर और आरती उतार अभिनंदन एवं स्वागत किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के पिता पूर्व मंत्री अशोक कुमार वाजपेई और माता रंजना वाजपेई सहित अन्य परिजनों से भेंट की। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, सांसद प्रवीण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वी के सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक दीपक पटेल, पियूष रंजन निषाद, वाचस्पति, राजमणि कोल, एम एल सी सुरेंद्र चौधरी, के पी श्रीवास्तव, पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, यमुना पार जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक कलेक्टर पांडे, अशोक सिंह,रईश चंद्र शुक्ला, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय, सेतुआ बाबा, विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान मुख्यमंत्री जी का स्वागत करने वालों में राजेश केसरवानी, पार्षद किरन जायसवाल, सुनीता चोपड़ा, मुकेश कसेरा, रुद्रसेन जायसवाल, रितेश मिश्रा, आकाश सोनकर, ज्ञानेंद्र मिश्रा, भोला तिवारी, मयंक यादव, राजेश निषाद, सोनू पाठक, कुसुम लता गुप्ता, अनुपमा पांडे, पंकज जायसवाल, रणविजय सिंह, पूर्व पार्षद आभा द्विवेदी, शानू भट्ट, सारिका शर्मा, मंडल अध्यक्ष भरत निषाद,भोला सिंह, राजन शुक्ला, पुष्पराज सिंह, राकेश भारती, डा शैलेश पांडे, अरूण शुक्ला, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, नीरज जायसवाल शैलू आदि रहे।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के संपन्न होने के पश्चात शाम 6 बजे भंडारे प्रसाद का वितरण किया गया।

# इविवि छात्र संघ भवन पर मनाई गई मुलायम सिंह यादव की जयंती

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर समाजवादी छात्र सभा से जुड़े छात्रों ने इकाई अध्यक्ष आशुतोष मौर्य के नेतृत्व में इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ भवन पर नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती के इस अवसर पर समाजवादी छात्र सभा के जुड़े छात्रों ने नेताजी जी को माल्यार्पण करके उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए संकल्प लिया।

इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी आज हम सबके बीच में नहीं है लेकिन उनके ख्यालात हम जैसे नौजवानों के दिलों में आज भी जिंदा है। नेता जी ने कहा था कि यदि छात्र संघ से निकले युवा राजनीति में नहीं आएंगे तो बड़े उद्योगपति के लड़के राजनीति में हावी रहेंगे जिससे राजनीति करने वाले व्यक्ति के सिद्धांत और विचार दोनों ही खत्म हो जाएंगे।

इसी क्रम में सीएमपी डिग्री कॉलेज समाजवादी छात्र सभा की इकाई अध्यक्ष आयुष यादव के नेतृत्व में तथा ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के इकाई अध्यक्ष शिवम पाल के नेतृत्व में इलाहाबाद डिग्री कॉलेज समाजवादी छात्र सभा की इकाई अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में समाजवादी छात्र सभा की इकाई अध्यक्ष अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में नेताजी की जन्म तिथि मनाई गई।इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियांशु विद्रोही, छात्र नेता विकास यादव, अमित विपक्षी, सच्चिदानंद, शुभम, अश्विनी मौर्य, कार्तिक मौर्य, सत्येंद्र गंगवार, सुधीर क्रांतिकारी, जामी सिद्दीकी, प्रमोद, आयुष महात्मा, मनजीत पटेल, प्रिंस विश्वकर्मा, राहुल यादव, साजिद खान, अनुराग ,हरिशंकर राजपूत, लवलेश, अब्दुल फातिर , करन गौतम, अमित निषाद, संदीप, शंकर केसरवानी, अमित उपाध्याय, शिवम श्रीवास्तव, अंकित, आशुतोष, अर्पित, रितेश, राज धीरज सिंह, शिवेंद्र यादव, दीपांशु कुशवाहा, मनोज, आयुष, शिवम, अवनीश, साहिल, सिद्दीकी, शिवांश पांडे, अंकित शुक्ला, आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुलायम सिंह यादव ने डा.लोहिया की विचारधारा को जमीन पर उतारा



प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री, पद्म भूषण स्व मुलायम सिंह यादव की जन्म जयंती पर आज जिले भर मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।जिला कार्यालय जार्जटाउन मे सपा नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित श्रद्धांजलि देते हुए धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्यापक चर्चा की। जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, यमुनापार अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा की स्व. मुलायम सिंह यादव ने डॉ लोहिया जी की विचार धारा को जमीन पर उतारने का काम किया। समाजवादी सरकार मे उनके द्वारा लिए गए फैसले ऐतिहासिक साबित हुए। वक्ताओं ने कहा की वर्तमान मे सपा मुखिया अखिलेश यादव जी ने धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के सपनो को पूरा करने के लिए पीडीए का नारा देकर सामाजिक न्याय के राज कीस्थापना का संकल्प लिया है। सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार नेताजी की जयंती के अवसर पर शहर के नेहरू पार्क रोड सुलेम सराय के एक पार्क मे कार्यक्रम आयोजित कर सपा नेता मयंक यादव जाघ्टी ने 1001 कम्बल जरुरतमंदो को वितरित र नेता जी को श्रद्धांजलि देते हुए 2027 मे प्रदेश मे सपा की सरकार बनाने का आशीर्वाद मांगा। जिले की मेजा विधानसभा के भड़ेवरा मे प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह की अगुवाई मे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।नैनी के सपा नेता अजय यादव ने कार्यकर्त्ता दिव्यांग कमाल कुरैशी को स्कूटी भेंट की।तरह जिले की हर विधानसभाओं, प्रमुख स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर अपने नेता को सपाइयों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रमुख रुप से जिलाध्यक्ष गण अनिल यादव, पप्पू लाल निषाद, सैयद इफ्तेखार हुसैन, विधायक संदीप पटेल, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व विधायक सत्य वीर मुन्ना, मुजतबा सिद्दीकी, महबूब उस्मानी, अमरनाथ मौर्य, कृष्ण मूर्ति सिंह, प्रो उमाकांत यादव, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट, राम सुमेर पाल, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव, मृत्युंजय पाण्डेय, संतोष यादव, दूध नाथ पटेल, शांति प्रकाश, वजीर खान, रमाकांत पटेल, शकील, अभिमन्यु, नाटे चौधरी, शशि पाण्डेय, वजीर खान, मोईन हबीबी, मशाहद अली, फैज अंजुम, सैफ अहमद, संगीता पटेल, गीता पासी, मो ताहिर, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

# बीएलओ न मतदान केंद्र पर और न घर घर फार्म वितरित कर रहे- विनय कुशवाहा

प्रयागराज। बीएलओ न तो घर घर जाकर प्रपत्र दे रहे हैं और न ही मतदान केंद्र पर बैठ रहे हैं। जिससे मतदाता मायूस हैं। उसकी समझ में नहीं आ रहा है कि एसआईआर में उसकी इंट्री होगी कि नहीं। उक्त बातें प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने जार्ज टाउन अपने आवास पर कही।उन्होंने कहा कि एसआईआर के लिए गणना प्रपत्रों के वितरण अभियान शुरू होने के 19 दिन इंतजार करने के बाद अपने मतदान केंद्र जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज जार्ज टाउन गये तो वहाँ भी कोई नहीं मिला। कालेज के चौकीदार से पुछने पर पता चला कि यहाँ कोई भी बीएलओ नहीं आता। आप जैसे लोग आकर पूछकर निराश हो चले जाते हैं।



# पुराने विवाद में पुत्रों समेत पिता को पीटा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गौराकला गांव में पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने वृद्ध के साथ मारपीट की। बचाने आए पुत्रों को भी जमकर लाठी–डण्डों से पीट दिया। पीड़ितों ने हुसैनगंज पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। हुसैनगंज थाना पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित सीताराम ने बताया कि शनिवार को वह घर पर मौजूद था। तभी पुराने विवाद को लेकर सुबह लगभग नौ बजे गांव के ही संदीप, प्रदीप, अजय, बिंदा घर पर आए और गाली–गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ लाठी–डण्डा व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शोर–शराबा सुनकर उसके पुत्र रोहित व शिवसागर बचाने के लिए आए तो दबंगों ने उन पर भी हमला बोल दिया। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दबंग धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने थाना पुलिस ने दबंगों पर मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# चुनावी रंजिश में चले लाठी डंडे, पुरुष व महिलाओं के सिर फटे

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। बीते शुक्रवार की शाम चुनावी रंजिश के चलते पूर्व वर्तमान प्रधान के बीच कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी डंडे चलने लगे। बड़ी संख्या में दोनों पक्षों के समर्थकों ने जमकर लाठी डंडे चलाएं जिससे दोनों पक्षों के पुरुष व महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनको सीएससी में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार किशनपुर थाने के बरार मजरे दरियापुर व रोशनपुर गांव के पूर्व प्रधान वर्तमान प्रधान के बीच चुनावी रंजिश के चलते विवाद था। कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि पूर्व व वर्तमान प्रधान के बीच लड़ाई लाठी डंडों में बदल गई। जानकारी के अनुसार पूर्व प्रधान राम प्रसाद निषाद कोट गांव जा रहे थे। तभी रोशनपुर मोड़ पर वर्तमान प्रधान लोकनाथ पाल अपना घर बनवा रहे थे। किसी बात पर बहस हो गई। जिससे मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े दोनों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाओं के सिर फट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ईश्वर की सबसे बड़ी धरोहर है प्रकृति व पर्यावरण : अक्षय



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महीने के तीसरे शुक्रवार को आयोजित किए जाने वाले ग्रीन चौपाल का आयोजन खखरेरू रेंज अंतर्गत अज़रौली ग्राम सभा के प्राइमरी विद्यालय में हुआ। सभा का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी धाता राजेंद्र यादव ने किया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर और अन्य कार्मिक, विद्यालय के प्रधानाचार्य, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, वन विभाग के दरोगा अनूप शुक्ल और अक्षय कुमार राम के साथ समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।ग्रीन चौपाल में वन दरोगा अक्षय राम ने प्र.ति और पर्यावरण को ईश्वर की सबसे बड़ी धरोहर बताया। साथ में बताया कि आईएसएफआर की रिपोर्ट 2023 के अनुसार उत्तर प्रदेश वनावरण में वृद्धि के मामले में दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ के बाद है। इसका श्रेय उन्होंने वन विभाग की ओर से इस राज्य के समस्त जागरूक और हरियाली प्रेमी नागरिकों को दिया। अंत में उन्होंने नरेश सक्सेना की एक कविता सुनाई जो वृक्षों के महत्व को वर्णित करती है।

# सभी थानों पर आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के सभी थानों पर संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संबंधित अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने पीड़ितों की समस्याओं को सुना। एसपी अनूप कुमार सिंह ने कल्याणपुर थाने पर पहुंच पीड़ितों की समस्याएं सुनकर संबंधितों को दिशा–निर्देश दिए।कप्तान अनूप कुमार सिंह ने कल्याणपुर थाने पर आयोजित पूर्ण थाना समाधान दिवस में जनसमस्याओं को सुनकर व उनके त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, थानाध्यक्षों ने अपने–अपने थानों पर प्राप्त जन शिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण किया। थाना समाधान दिवस में कुल 105 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 72 राजस्व व 33 पुलिस से सम्बन्धित रहे। जिसमें राजस्व टीम के साथ 12 व पुलिस से संबंधित सात प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराने के लिए संबंधित टीम को निर्देशित किया।

# सपाईयों ने नेताजी मुलायम सिंह की मनाई जयंती




न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री धरती पुत्र के नाम से मशहूर नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती सपाईयों ने पार्टी कार्यालय में मनाई। उनके चित्र पर पुश्प अर्पित कर गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। जयंती कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव समेत सभी सपाईयों ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि के बाद गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें नेताजी के जीवन व उनके द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने की। उन्होने कहा कि नेताजी ने चुंगी खत्म करने, सरहदों पर शहीदों के शव को घर तक पहुंचाने, किसानों को दुर्घटन बीमा जैसे अनेक कार्य किए। नेताजी के किए गए कार्यों को आज भी याद किया जाता है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी नेताजी के बताए रास्ते पर चल रही है। उन्होने पार्टीजनों का आहवान किया कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं और पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करें। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। इस मौक पर पूर्व सांसद अशोक पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष, वीरेंद्र यादव, दयालु गुप्ता, दलजीत निषाद, विपिन यादव, महेंद्र बहादुर सिंह, प्रवक्ता एड. जगदीश सिंह, गणेश वर्मा, रीता प्रजापति, अरुणेश पांडेय, नंदकिशोर पाल, शमीम अहमद, नफीस अहमद, शकील गोल्डी, इंद्रसेन यादव, अमरदीप सिंह पप्पू, सुनील उमराव, जेपी यादव, संगीता राज पासवान, वीरेंद्र साहू, रत्नेश रत्ना, कपिल यादव, सुहैल खान, जागनायक सचान, संदीप कुमार श्रीमाली, उदय राज लोधी, अय्यूब खान, रवींद्र यादव, हेमंत कुमार, नागेंद्र यादव, राजबाबू यादव, साबिर अली, विवेक उमराव, जितेंद्र पासवान, अरशद अनवर, दानिश राइन, कमलेश कुमार, अरुण यादव, हेमंत सिंह, अनिल यादव, सुमित साहू, शिव शंकर यादव, अष्विनी यादव, रौनक राज, शिवम यादव, कमलेश कुमार, निर्दोष सोनी आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं की चुप्पी को हथियार बनाते हैं अपराधी : रुबीना



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। निशान वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान मे लैंगिक समानता व महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम पीरनपुर के स्लम एरिया में किया गया। संस्था प्रमुख रुबीना परवीन ने पीरनपुर की महिलाओं एवं किशोरियों को अपराधियों के खिलाफ बोलने को सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि अपराधी महिलाओं की चुप्पी को हथियार बनाते है इसलिए आवश्यक है कि महिलाए अपने कानूनी अधिकार को पहचाने और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज़ उठाएं। आपकी खामोशी अपराधियों की ताकत है। इस दौरान महिलाओं और किशोरियो ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने और लैंगिक भेदभाव को खत्म करने का संकल्प लिया। संस्था की प्रोजेक्ट मैनेजर तूबा ने माता पिता को यह संदेश देते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा से कोई समझौता न करें। कम खाएं या कम पहने लेकिन उन्हे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अवश्य दें। उन्होंने कहा कि बेटियों को पर फैलाने दें एक दिन वे पूरे आसमान पर राज करेंगी और अभिवावको का सिर गर्व से ऊंचा करेंगी। साथ ही उन्हे महिला हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी भी दी। संस्था की फील्ड मोबिलाइज़र राबिया खातून ने कहा कि अपनी खामोशी तोड़े और अपने ऊपर हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ आवाज़ उठाएं।

# दबंगों ने घर में घुसकर दहेज के सामान में लगाई आग

## - युवती समेत परिवारीजनों से की अभद्रता, जान-माल की दी धमकी
## - पीड़ित परिवार ने हुसैनगंज पुलिस को दी तहरीर



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दबंगों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। अपराधियों पर अब पुलिस का कोई खौफ नहीं है। इसकी बानगी हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नवीपुर में देखने को मिली। जहां पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर अपना कहर बरपाया। शादी वाले घर में जबरन घुसकर बेटी के दहेज के सारे सामान को आग लगा दिया। जिससे लगभग तीन लाख रूपए का नुकसान हुआ। इतना ही नहीं युवती समेत परिवारीजनों से अभद्रता की। साथ ही जान–माल की धमकियां दी। पीड़ित परिवार ने हुसैनगंज पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। नवीपुर गांव निवासी रामदयाल पुत्र स्व0 द्वारिका प्रसाद ने हुसैनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में बताया कि 21 नवंबर को उसकी पुत्री की शादी गांव से ही थी। गांव का ही दबंग प्रदीप यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव पुरानी रंजिश के चलते बार–बार धमकी देता था कि लड़की की शादी कैसे कर पाते हो। 21 नवंबर को रात लगभग ग्यारह बजे दबंग प्रदीप यादव, सुरेन्द्र यादव, अनुज यादव, कुलदीप यादव, गायत्री देवी, मिन्टू समेत छह सात अज्ञात लोग लाइसेंसी बंदूक व अवैध असलहा लेकर घर में घुस गए और पुत्री को शादी में देने वाले सामान में पेट्रोल डालकर आग लगा दिया और गाली–गलौज की। सुरेन्द्र ने धमकी दिया कि आज जान से मार डालेंगे। विरोध करने पर पुत्री से छीना झपटी व अभद्रता करने लगे। घटना को रिश्तेदारों समेत गांव के लोगों ने देखा। पीड़ित परिवार का कहना रहा कि ये दबंग राजनैतिक प्रभाव के लोग हैं। पीड़ित परिवार ने थाना प्रभारी से प्रदीप यादव, सुरेन्द्र यादव, नन्टू कुलदीप, अनुज, गायत्री देवी समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर एसपी ने दिया बल

## - अपराध समीक्षा गोष्ठी में कप्तान ने अधीनस्थों के कसे पेंच




न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी की। गोष्ठी में शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन, अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

एसपी ने सभी अधिकारियों को अवैध शराब के निष्कर्षण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं से जुड़े अपराधों और अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट और हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई तेज करने के साथ–साथ वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की शीघ्र गिरतारी पर विशेष जोर दिया गया। लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के भी निर्देश दिए गए। रात्रि गश्त बढ़ाने, थाना क्षेत्र के टॉप–10 अपराधियों की सूची अपडेट रखने, जेल से छूटकर आए अपराधियों का नियमित सत्यापन करने और उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया। आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के भी निर्देश दिए गए। ऑपरेशन क्लीन के तहत जब्त माल के निस्तारण को प्राथमिकता देने के साथ ही अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना दस्तावेज परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स को लगातार अभियान चलाने को कहा गया। यातायात माह (नवंबर) के जागरूकता अभियान के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश भी दिए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने कल्याणपुर थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

## - साफ-सफाई को लेकर प्रभारी निरीक्षक को दिए निर्देश



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शनिवार को कल्याणपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। गार्ड द्वारा सलामी के बाद एसपी ने थाना परिसर में बैरक, मेस, शौचालय आदि का भ्रमण कर प्रभारी निरीक्षक को साफ–सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एसपी ने थाना कार्यालय सीसीटीएनएस, मालखाना का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मिशन शक्ति केंद्र पर आए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की जानकारी ली। आगंतुक रजिस्टर, पेयजल व्यवस्था की जाँच की तत्पश्चात एसपी ने थाने के शस्त्रागार का निरीक्षण कर असलहों की साफ–सफाई देखी, फिर अभिलेखों गार्ड फाइल, कैशबुक, रजिस्टर नं. 08, बीट सूचना रजिस्टर, ऑर्डर बुक, मालखाना रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी सूची, ऑर्डर बुक न्यायालय आदि का गहराई से अवलोकन कर प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अंत में थाना परिसर में नवनिर्मित शौचालय और बाथरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बिंदकी प्रगति यादव व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो घरों में लाखों रुपए की संपत्ति चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। बिंदकी तहसील के औंग थाना क्षेत्र के सगुनापुर गांव में शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात अज्ञात चोरों द्वारा दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी शनिवार की सुबह परिजनों को सोकर जगने पर हुई तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।बताते चलें कि सगुनापुर गांव में दूसरे प्रांतों में नौकरी करने वाले वेदप्रकाश यादव के घर में चोरों द्वारा दीवार के लिंटर में बने बयाला से घुसकर के अंदर दरवाजे की कुंडी खोल दी गई और बक्से व अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण तथा 12000 नगदी कपड़े बर्तन, कटर, हथोड़ा आदि चोरी कर ले गए।

# अहंकार ही शत्रु को बनाता पाप का भागी : छबीलदास

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के स्टेशन रोड स्थित गंगेश्वर महादेव आश्रम में झालरबाबा की गद्दी में चल रही सात दिवसीय रामकथा पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुई। अंतिम दिन कथावाचन के लिए प्रयागराज से पधारे 108 छबीलदास महाराज ने भगवान श्रीराम एवं रावण युद्ध का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि रावण अत्यंत शक्तिशाली, विद्वान और शिवभक्त था, किंतु उसका अंत उसके घमंड के कारण हुआ। यदि वह अपने अहंकार में आकर माता सीता का हरण न करता, तो उसका विनाश नहीं होता। उन्होंने समझाया कि जीवन में चाहे व्यक्ति कितनी भी शक्ति, ज्ञान या सम्मान प्राप्त कर ले, परंतु यदि वह अहंकार से ग्रसित हो जाता है, तो उसका पतन निश्चित है। उन्होंने श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम धर्म, सत्य और मर्यादा के प्रतीक हैं। समाज तभी प्रगति करेगा जब हर व्यक्ति अपने भीतर नम्रता, संयम और कर्तव्य पालन की भावना विकसित करेगा। कथा के अंत में सुंदर आरती और प्रसाद वितरण हुआ। श्रद्धालुओं ने भजन–कीर्तन में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। आयोजकों ने बताया कि आगे भी आश्रम में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त, कालेष्वर मिश्रा, बबलू तिवारी समेत साधु–संत उपस्थित रहे। महराज अनुज पूरी ने बताया कि कथा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। भंडारा देर शाम तक चला।

# अस्थाई पुलिस चौकी रेड़इया का कार्यक्षेत्र निर्धारित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के पत्र के क्रम में सदर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी गाटा संख्या 753 पर स्थित मंगी मकबरा पर विगत 11 अगस्त को हुए विवाद के .ष्टिगत प्रश्नगत प्राचीन इमारत की सुरक्षा एवं क्षेत्र में प्रभावी कानून–व्यवस्था के .ष्टिगत एक अस्थायी पुलिस चौकी खोले जाने की अपेक्षा की गयी थी। जिसके क्रम में तीन सितंबर को प्रश्नगत प्राचीन इमारत की सुरक्षा एवं क्षेत्र में प्रभावी कानून–व्यवस्था के .ष्टिगत एक अस्थायी पुलिस चौकी रेड़इया खोले जाने का आदेश निर्गत किया गया था। इसलिए अस्थायी पुलिस चौकी रेड़इया के प्रभावी संचालन एवं भौगोलिक सीमांकन हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत गोपालनगर, आदर्श नगर उत्तरी, रेड़इया, नई बस्ती, मैकू का पुरवा को अस्थायी पुलिस चौकी का कार्यक्षेत्र निर्धारित किया जाता है।

# 25 नवंबर को रहेगा अवकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि श्री गुरू तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर पूर्व में घोषित 24 नवंबर को अवकाश के स्थान पर अब 25 नवंबर दिन मंगलवार को जनपद के समस्त सरकारी कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश रहेगा।

# सरांय साबा की कब्जा मुक्तजमीन पर दोबारा जुताई, प्रशासन मौन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सरांय साबा क्षेत्र में ठाकुरपुर चकरोड मार्ग पर स्थित जमीन को प्रशासन द्वारा कब्जा मुक्त कराए जाने के बावजूद दोबारा जबरन जुताई–बुवाई किए जाने का मामला सामने आया है। यह जमीन छीमी ग्रामसभा की है। जो कल्पना देवी पुत्री छोटे लाल के नाम दर्ज है। प्रशासन द्वारा पूर्व में इस जमीन की कुर्की की कार्यवाही की गई थी और अवैध कब्जे से इसे मुक्त कराया गया था लेकिन स्थानीय आरोपियों नरेंद्र सिंह यादव और सुरेंद्र सिंह यादव पर आरोप है कि उन्होंने प्रशासनिक आदेश की अवहेलना करते हुए दबंगई के बल पर दोबारा खेत की जुताई और बुवाई कर दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि प्रशासन द्वारा जमीन खाली कराने के बाद भी कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं और वह खुलेआम सरकारी आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। पीड़िता कल्पना देवी ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि दबंगों को इसी तरह संरक्षण मिलता रहा, तो गरीब और कमजोर परिवारों को न्याय मिलना मुश्किल हो जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता ने मुख्यमंत्री से न्याय की मांग करते हुए वीडियो संदेश जारी किया है, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर भी तेजी से हो रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और तनावपूर्ण हो सकती है। स्थानीय प्रशासन इस पूरे मामले पर मौन क्यों है, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

# रोजगार मेले में 40 अभ्यर्थी चयनित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से शनिवार को कार्यालय परिसर में रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद स्तर की प्राइम कनेक्ट सर्विसेज द्वारा 18, प्रदेश स्तर की ओरेबल इलेइंडिया प्रा.लि. नोएडा द्वारा 12, पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि. द्वारा 08 एवं भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 02 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस प्रकार कुल 40 योग्य अभ्यर्थियों को चयनित कर सेवायोजित किया गया। जिसमें कम्पनियों द्वारा 8000 से 12500 तक प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। कार्यक्रम का आयोजन जिला सेवायोजन अधिकारी के दिशा–निर्देशन में प्रभारी रोजगार मेला शशॉक पान्डेय द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवायोजन कार्यालय के महेन्द्र कुमार यादव, हशमत अली, आशीष दीक्षित, चन्द्र किशोर, सुखनंदन सक्सेना, आशुतोष वर्मा, संदीप व रामा देवी द्वारा सहयोग प्रदान किय गया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 26 नवंबर को प्रातः 11 बजे से जनपद के एसबीएस एजुटेक मलवां में करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल, सेवायोजन पोर्टल एवं एनसीएस पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर प्रत्येक पोर्टल की उपयोगित के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। जिसमें जनपद के किसी भी संस्थान का अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकता है।

# बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडगरा, फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बिंदकी रोड रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात्रि रिश्तेदारी से वापस लौट रहे बाइक सवार सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। चौडगरा चौकी पुलिस को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंच कर एंबुलेंस के माध्यम से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक युवक की पहचान अचल पुत्र श्रीराम 22 वर्ष के रूप में हुई। जो थाना बकेवर क्षेत्र के बरिगवा गांव का निवासी है और मजदूरी करता था। शनिवार को पुलिस चौकी पहुंचे मृतक के पिता श्रीराम ने बताया कि उनका पुत्र अचल शुक्लानगर रावतपुर स्थित रिश्तेदारी में गया हुआ था। जहां से देर रात वापस आ रहा था उन्होंने बताया कि चार भाइयों में बेटा तीसरे नंबर का था। हम सब लोग मजदूरी करके घर का पालन पोषण करते हैं। मृतक के अन्य भाई पवन, अमर और मोहित व बहन स्नेहा व मां सीता देवी का रो–रोकर बुराहाल है। चौडगरा चौकी प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घायल को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले गई थी। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा घायल को मृत घोषित कर दिया गया। परिजन मौके पर पहुंचे हैं। शव को मार्च्युरी हाउस भेजा गया था। पंचायतनामा की कार्यवाही की जा रही है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )